जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, सोमवार 31 मार्च, 2025

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा

माननीय मुख्यमंत्री

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

## राज्य स्तरीय निवेश उत्सव

मुख्य अतिथि

**श्री भजनलाल शर्मा**

माननीय मुख्यमंत्री

**3 लाख करोड़ रुपए**

के निवेश प्रस्तावों पर कार्य प्रारम्भ

नयी नीतियों का विमोचन

- राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी
- राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी
- राजस्थान टेक्सटाइल एंड अपैरल पॉलिसी

निवेशकों के लिए MOU ट्रैकिंग हेतु मोबाइल एप का लॉन्च

राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर्स की शुरुआत

31 मार्च, 2025 • जयपुर

RISING RAJASTHAN

निवेश में कीर्तिमान - राइजिंग राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

## विचार बिन्दु

**संसार में छल, प्रवंचना और हत्याओं को देखकर कभी-कभी मान लेना पड़ता है कि यह जगत ही नरक है। –जयशंकर प्रसाद**

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

भारत में एक बार फिर से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मुद्दा चर्चा में है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है। थोड़े-थोड़े अंतराल पर ऐसा होता रहता है। यह अस्वाभाविक भी नहीं है। भारत तेज़ी से विकसित होता हुआ लोकतंत्र है और विकास की हर राह में ऐसे मुकाम आते हैं। इन दिनों यह मुद्दा एक स्टैण्डअप कॉमेडियन की प्रस्तुति को लेकर चर्चा में है। इसके अलावा एक और विवाद एक माननीय सांसद के एक ऐतिहासिक चरित्र पर की गई प्रतिकूल टिप्पणी को लेकर भी हो रहा है। हम सब यह मानते हैं कि किसी भी चीज़ को देखने के एकाधिक दृष्टिकोण हो सकते हैं, उस पर भिन्न-भिन्न और परस्पर विरोधी राय हो सकती है, और हरेक अपनी राय को अभिव्यक्त करने को व्याकुल हो सकता है। असल में असहमति तो लोकतंत्र का आधार है। सामान्यतः तो माना जाता है कि राय का, विचार का जवाब विचार से दिया जाना चाहिए, लेकिन बहुत बार हमारे वैचारिक आग्रह इतने प्रबल हो उठते हैं कि हम अपने से भिन्न किसी भी सोच को सहन कर ही नहीं पाते हैं और अपनी प्रतिक्रिया ख़राब भाषा (गाली गलौच) के रूप में व्यक्त करते हैं और जब ऐसा करने से भी हमारा मन नहीं भरता है तो हम हिंसा पर भी उतारू हो जाते हैं। बहुत बार तो यह हिंसा अत्यंत विकराल रूप भी ले लेती है। और यह सब होते-होते बार-बार एक पद सामने आता है – अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। जिसने कुछ कहा है वह और उसके पक्षधर इसकी दुहाई देते हैं तो जो उसके कहे से असहमत या आहत हैं वे कहते हैं कि अभिव्यक्त की स्वतंत्रता असीमित नहीं हो सकती, उसकी भी मर्यादाएं होती हैं। इधर अपने देश में इसी संदर्भ में एक नई किंतु अबूझ अभिव्यक्ति और चलन में आई है – सकारात्मक आलोचना। मैं अब तक नहीं समझ सका हूं कि इसका आशय क्या है?

भारत का संविधान अनुच्छेद 19(1) (क) के द्वारा भारत के प्रत्येक नागरिक को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। इस अधिकार में बोलने, लिखने, छपने, प्रदर्शन करने या किसी अन्य माध्यम से अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता शामिल है। यह अनुच्छेद 19 के तहत छह मौलिक अधिकारों में से एक है। परंतु उचित प्रतिबंध असहमति की अभिव्यक्ति को सीमित भी कर सकते हैं। अनुच्छेद 19 (2) में उचित प्रतिबंध' लगाने की शक्ति राज्य को दी गई है। ये प्रतिबंध इन आधारों पर लागू किए जा सकते हैं: 1. भारत की संप्रभुता और अखंडता: राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए, 2. राज्य की सुरक्षा: आंतरिक या बाह्यख़तरों से निपटने के लिए, 3. विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध: अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के निर्वहन के लिए, 4. सार्वजनिक व्यवस्था: शांति और स्थिरता के लिए, 5. शिष्टाचार या नैतिकता: सामाजिक मूल्यों की रक्षा के लिए, 6. अदालत की अवमानना: न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप को रोकने के लिए, 7. मानहानि: व्यक्तियों की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए और 8. अपराध के लिए उकसावा: हिंसा या अपराध को बढ़ावा देने वाली अभिव्यक्ति पर रोक। यह कहने की ज़रूरत नहीं है कि सन 1950 में अपना संविधान लागू होने के बहुत पहले से भारत में भिन्न मत को मान देने की स्वस्थ परंपरा रही है। हमारी सांस्कृतिक परंपराएं सहिष्णुता को पालती पोसती रही हैं। वायु पुराण की एक अति विख्यात सूक्ति है: मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना कुंडे कुंडेनवंपय:।/ जातौजातौ नवाचारा: नवा वाणी मुखेमुखे....। अर्थात– ''जितने मनुष्य हैं, उतने विचार हैं। एक ही गांव के अंदर अलग-अलग कुएं के पानी का स्वाद अलग-अलग होता है। एक ही संस्कार के लिए अलग-अलग जातियों में अलग-अलग रिवाज होता है। एक ही घटना का बखान हर व्यक्ति अपने-अपने तरीके से करता है। इसमें आश्चर्य करने या बुरा मानने की जरूरत नहीं है।'' लेकिन यह देखना बहुत कष्टप्रद है कि अपनी परंपरा पर गर्व अब केवल कथन में रह गया है। आज तो ऐसा लगता है कि हममें से बहुत सारे लोग जैसे आहत होने के लिए ही तैयार बैठे हैं। किसी ने कहीं भी ऐसा कुछ कह दिया जो हमारे विचारों से मेल नहीं खाता है या जो हमारे प्रतिकूल है, तो हम मरने मारने को उतारू हो जाते हैं। डॉ पुरुषोत्तम अग्रवाल ने अपने उपन्यास 'नाकोहस' (2016) में इस स्थिति का बहुत सही चित्रण किया है।

हाल में बहुत सारे प्रसंगों में ऐसा देखने का पीडादायी अनुभव हुआ है। यह बात हमारे कष्ट को और अधिक बढ़ाती है कि समकालीन राजनीति जिससे हम उच्चतम आदर्शों की अपेक्षा करते हैं, अपनी आलोचना को लेकर ज़रूरत से ज़्यादा संवेदनशील हो उठी है। अब तो विश्वास ही नहीं होता है कि आज़ादी के बाद वाले वर्षों में पंडित जवाहर लाल नेहरु जैसे उदार चित्त राजनेता भी इसी देश में हुए थे जो आरके लक्ष्मण जैसे विख्यात कार्टूनिस्ट से यह कह सकते थे कि आप किसी को भी मत बख़्शना, मुझे भी नहीं। आज तो कोई भी नेता किसी भी तरह की –चाहे वह कितनी ही मुलायम अभिव्यक्ति क्यों न हो– उससे क्षुब्ध हो उठता है और कभी सलाह तो कभी धमकी देने लगता है। और नेता तो नेता, उसके (अंध) अनुयायी तो सीधे ही लट्ठ लेकर जा पहुंचते हैं। हाल में कुणाल कामरा वाले प्रकरण में हमने ऐसा ही होते देखा है। पहले तो सम्बद्ध नेता जी ने एक प्रवचन दिया कि आलोचना/कॉमेडी कैसी होनी चाहिए, और उसके बाद उनके अनुयाइयों ने जाकर उस सभागार को ध्वस्त कर दिया जहां इस कॉमेडियन ने अपना शो किया था। कॉमेडियन को माफ़ी मांगने के लिए लगातार डराया धमकाया जा रहा है। देश के बड़े नेतृत्व ने जो अन्यथा बहुत मुखर रहता है, इस धत्कर्म पर मौन रहना ही उचित समझा है। सोचिये, कॉमेडियन का अपराध क्या था जिसके लिए उसे माफ़ी मांगनी चाहिए? क्या आप हम अपने नेताओं से असंतुष्ट नहीं होते हैं? बल्कि यह भी कि जो सत्तासीन हैं वे अपने प्रतिपक्षियों और पूर्वजों से असहमत, असंतुष्ट और बहुत बार उनके प्रति कटु नहीं होते हैं? क्या केवल इसीलिए कि आज वे सत्तारूढ़ हैं उन्हें किसी को डराने-धमकाने और उनके प्रति हिंसक होने का अधिकार मिल जाता है?

**आज जो स्थितियां हैं वे हरेक संवेदनशील व्यक्ति को व्यथित और विचलित करने वाली हैं। एक आदर्श स्थिति यह होगी कि जो भी अपनी बात कह रहा है वह संयत तरीके से कहे, उसकी भाषा में शालीनता हो और लहज़ा मुलायम हो। लेकिन मान लीजिए कोई ऐसा नहीं करता है -चाहे जो कारण हों उसके- तो आप क्या करेंगे? क्या आप कानून को हाथ में ले लेंगे? उसकी चूक का जवाब आपका विवेक क्यों नहीं होना चाहिए? मान लीजिए किसी ने ऐसा कुछ कह दिया जिससे आप सहमत नहीं हैं तो आप प्रमाण व तर्क के साथ उसका खंडन कर दीजिए।**

इधर एक नई बात यह चलन में आई है कि किसी भी ऐतिहासिक चरित्र को लेकर हम लड़ने-मरने को उतारू होने लगे हैं। किसी फ़िल्म को लेकर, किसी किताब को लेकर, किसी वक्तव्य को लेकर हम आक्रोशित हो उठते हैं और चाहते हैं कि दूसरा भी वही कहे जो हम उससे कहलवाना चाहते हैं। निश्चय ही बहुत बार कहने वाले की नासमझी या कभी-कभी बदनीयत भी आक्रोश को हवा दे देते हैं, लेकिन हर बार ऐसा नहीं होता। और जब हो भी जाए, तो क्या उसका उचित प्रतिकार वक्तव्य से नहीं किया जाना चाहिए? किसी ने आपके आदर्श का ग़लत चित्रण कर दिया, आप तर्क के साथ दूसरा पक्ष सामने ले आएं। लेकिन आज तर्क की बात कोई नहीं करना चाहता। हरेक जैसे ताकत की बात करना और उसी के दम पर अपनी बात मनवाना चाहता है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

यहीं यह भी याद कर लेना अप्रासंगिक नहीं होगा कि कुछ ही बरस पहले कुछ साहित्यकारों ने एक प्रसंग विशेष से क्षुब्ध होकर साहित्य अकादमी पुरस्कार लौटाए थे। यह कोई बहुत असामान्य बात नहीं थी। अतीत में भी ऐसा हुआ है। और न भी हुआ होता तो अपनी नाराज़गीव्यक्त करना हरेक का अधिकार माना ही जाना चाहिए। लेकिन उस दौर में सत्ता समर्थकों ने इन सम्मानित साहित्यकारों के प्रति जिस अपभाषा का प्रयोग किया उसकी स्मृतियां आज भी व्यथित करती हैं।

आज जो स्थितियां हैं वे हरेक संवेदनशील व्यक्ति को व्यथित और विचलित करने वाली हैं। एक आदर्श स्थिति यह होगी कि जो भी अपनी बात कह रहा है वह संयत तरीके से कहे, उसकी भाषा में शालीनता हो और लहज़ा मुलायम हो। लेकिन मान लीजिए कोई ऐसा नहीं करता है –चाहे जो कारण हों उसके– तो आप क्या करेंगे? क्या आप कानून को हाथ में ले लेंगे? उसकी चूक का जवाब आपका विवेक क्यों नहीं होना चाहिए? मान लीजिए किसी ने ऐसा कुछ कह दिया जिससे आप सहमत नहीं हैं तो आप प्रमाण व तर्क के साथ उसका खंडन कर दीजिए। आपके पास भी तो अपनी अभिव्यक्ति के अनेक माध्यम हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में तो हममें से हरेक ही अपनी बात कहने और समाज तक पहुंचाने के लिए सक्षम है। लेकिन अब स्थितियां यह हो गई हैं कि संवाद के माध्यम सोशल मीडिया को भी हमने भाषिक हिंसा का ठिकाना बना दिया है। असहमति होने पर प्रतिक्रिया ख़राब भाषा में व्यक्त की जाने लगी है।

निश्चय ही ये स्थितियां हमारे विकसित होते हुए लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं हैं। इन पर तुरंत नियंत्रण किया जाना चाहिए। यहां मुझे सबसे अधिक अपेक्षा उनसे है जो सत्ता में हैं। वे अगर अपनी सहिष्णुता का स्तर थोड़ा बढ़ा लें और असहमति को भी मान देने लगें तो उनके अनुयायी स्वभावतः तदनुसार बर्ताव करेंगे और एक सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित होगा। जब आप सार्वजनिक जीवन में होते हैं तो आपको अपनी प्रशंसा ही नहीं आलोचना भी सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए। जो काम करता है अपेक्षाएं उसी से होती हैं, शिकायतें भी। यह कहते हुए मैं आलोचक को भी उसकी ज़िम्मेदारी से बरी नहीं कर रहा हूं। बेशक आलोचना की जाए, लेकिन शालीनता और सद्भावना के साथ। अपने लोकतंत्र को सफल बनाने का दायित्व हम सबका है।

अपना यह संपादकीय लिखते समय मुझे एक अन्य प्रकरण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सोच से बहुत खुशी हुई है। उनकी टिप्पणियों को इस संपादकीय के संदर्भ में भी पढ़ा जाना चाहिए। माननीय न्यायालय की पीठ ने कहा है, कलाकार, साहित्यकार का अधिकार इस आधार पर ख़त्म नहीं कर सकते कि उनकी अभिव्यक्ति कितनी लोकप्रिय है। लोकतंत्र में विचारों का मुकाबला विचार से होना चाहिए। माननीय पीठ ने यह भी कहा है कि 75 वर्ष पुराना लोकतंत्र इतना कमज़ोर नहीं कि किसी कविता या कॉमेडी से समाज में शत्रुता या घृणा फैले। यह कहना कि किसी कला या स्टैण्डअप कॉमेडी से नफरत फैल सकती है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचल देगा।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**(शिक्षाविद और साहित्यकार)**

# 'पूर्वी राजस्थान के लिए जीवन दायिनी साबित होगा रामजल सेतु'



जवाहर सिंह बेढम



**''रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।**
**पानी गए न ऊबरे, मोती मानस चून।।''**

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कवि रहीम दास जी के उक्त पंक्तियों को चरितार्थ करने तथा भारत भूमि को सुजलाम् सुफलाम् बनाने और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करने के लिए नदी जोड़ो परियोजना की संकल्पना की थी। उन्होंने एक तरफ अकाल की समस्या का समाधान करने तथा दूसरी तरफ बाढ़ के रूप में बिखरी पड़ी जलराशि का समुचित प्रबंधन का सपना देखा। उनका सपना था कि देशभर की नदियां आपस में जुडे तथा जल की एक-एक बूंद का उपयोग समाज और राष्ट्र के लिए हो एवं धरती माता की प्यास बुझाने के काम आवे।

हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री और वर्तमान तथा भावी पीढी के भागीरथ माननीय भजनलाल शर्मा जी के अथक प्रयासों से पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) का शिलान्यास 17 दिसंबर 2024 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया। इसी के साथ अटल जी का नदियों को आपस में जोड़ने का संकल्प एवं समृद्धि का सपना मूर्त रूप ले रहा है। यह परियोजना पूर्वी राजस्थान के लिए उसी तरह महत्वपूर्ण होगी जिस तरह पश्चिमी राजस्थान के लिए गंग नहर एवं राजस्थान नहर परियोजना।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) से ब्रज, मत्स्यांचल, माळ क्षेत्र, हाडौती, ढूढांड तथा मगरा क्षेत्र में कृषि पेयजल तथा उद्योगों के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। जिससे खेती-किसानी, उद्योग, व्यवसाय और पर्यटन को गति मिलेगी एवं स्थानीय निवासियों का पलायन रूकेगा साथ ही नागरिकों का जीवन खुशहाल होगा। इसके साथ ही बाढ और सूखा दोनों समस्याओं का समाधान होगा।

इस परियोजना से राजस्थान के 17 जिलों के 2.51 लाख हैक्टेयर नए क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था हो सकेगी तथा पूर्व से स्थापित 1.52 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी उपलब्ध हो सकेगा साथ ही लगभग 03.25 करोड लोगों के लिए पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस परियोजना में राजस्थान को कुल 4102.60 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) जल उपलब्ध होगा। इसमें 522.80 एमसीएम पुनर्चक्रित जल भी शामिल है। इसमें 1744 एमसीएम पेयजल, 205.75 एमसीएम उद्योगों के लिए, 1159.38 एमसीएम जल नए सिंचित क्षेत्र के लिए, 615.43 एमसीएम जल पूर्व निर्मित बांधों में जल अपवर्तन के लिए, 108 एमसीएम जल भू-जल पुनर्भरण के लिए उपयोग किया जा सकेगा। शेष 270 एमसीएम जल का उपयोग खराब मानसून के समय में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं अन्य कार्यों में उपयोग लिया जा सकेगा। इस परियोजना से दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा व अन्य औद्योगिक क्षेत्रों को भी पानी मिलेगा। साथ ही गांव में ईको टूरिज्म को बढावा मिलेगा।

इस परियोजना के प्रथम चरण में कालीसिंध नदी पर नवनेरा बैराज जिसका कि लोकार्पण किया जा चुका है के साथ कूल नदी पर रामगढ बैराज, पार्वती नदी पर महलपुर बैराज में संगृहित जल के उपयोग हेतु नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा (एनजीबीआई) लिंक परियोजना के तहत 9416.70 करोड की लागत से नवनेरा बैराज से गलवा बांध होते हुए बीसलपुर व ईसरदा बांध तक जरूरत के अनुसार जल प्रत्यावर्तन के लिए नहर तंत्र, पम्पिंग स्टेशन एवं पाईप लाईन का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही मेज नदी पर मेज बैराज व बनास नदी पर नीमोद राठौड बैराज बनाया जाएगा। अजमेर व अलवर में कृत्रिम जलाशय बनाए जाऐंगे। ईसरदा व डूंगरी में बांध निर्माण किया जाएगा। बीसलपुर बांध की क्षमता 0.50 मीटर बढाई जाएगी। राजस्थान सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में राणा प्रताप सागर बांध-ब्राह्मणी नदी से बीसलपुर बांध मे जल अपवर्तन लिंक का कार्य तथा इसे आगे बढाते हुए बीसलपुर बांध से बाणगंगा एवं रूपारेल नदी को चरणबद्ध रूप से जोडे जाने संबंधी कार्य की डीपीआर -जयपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली, भरतपुर, डीग, अलवर को शामिल करते हुए इस परियोजना को वृहद् रूप प्रदान करने के साथ परियोजना के समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए ईआरसीपी कार्पोरेशन का उन्नयन कर राजस्थान वाटर ठिाड कारपोरेशन की स्थापना की घोषणा कर परियोजना के प्रति राजस्थान के गांव, गरीब, किसान एवं नौजवानों का प्रतिनिधित्व करने वाले यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी की गंभीरता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

लगभग 100 वर्ष पूर्व जैन मुनी श्री बुद्धिसागर जी महाराज ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि ''एक दिन ऐसा आऐगा जब किराने की दुकान में पानी बिकेगा।'' यह बात आज चरितार्थ हो गयी है जब हम दुकानों से बोतल बंद पानी खरीद रहे हैं। पानी पारस की तरह है जैसे पारस लोहे को स्पर्श करते ही लोहा सोना बन जाता है। वैसे ही पानी जहां भी स्पर्श करता है वहां एक नई ऊर्जा और शक्ति को जन्म देता है। 100 वर्ष पूर्व बीकानेर रियासत के महाराजा गंगासिंह द्वारा मरूस्थल में गंग नहर की स्थापना की गई तथा उसके बाद राजस्थान नहर परियोजना की स्थापना से राजस्थान के मरूस्थलीय क्षेत्र की समृद्धि एवं खुशहाली का दृष्य हम सब देख सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत् विकास लक्ष्य, राष्ट्रीय नदी जोडो परियोजना, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों, पर्यावरण एवं जल संरक्षण तथा राज्य के सीमित जल संसाधनों के संदर्भ में राज्य के नदी बेसिनों में उपलब्ध जल का पूर्ण और समठा विकास करना अतिआवष्यक समझते हुए राजस्थान सरकार ने वर्ष 2014-15 के बजट में राज्य के नदी बेसिनो का विकास फोर वाटर कान्सैप्ट पर करने का निर्णय लिया जिसमें राज्य के रिवर बेसिनो में उपलब्ध जलाधिक के उपयोग तथा एक बेसिन से दूसरे बेसिन में डायवर्जन से संबंधित परियोजनाओं को लागू करने के लिए राजस्थान रिवर बेसिन अथोरिटी का गठन किया गया। राजस्थान सरकार ने वर्ष 2016-17 के बजट में पार्वती और कालीसिंध नदियों के अधिशेष जल का उपयोग कर पूर्वी राजस्थान के लिए पेयजल और सिंचाई सुविधा का लाभ दिलाने के लिए डीपीआर बनाने की घोषणा की। इसी को आगे बढाते हुए वर्ष 2017-18 में चम्बल बेसिन के पानी को राज्य के अन्य जिलों में पहुंचाने के लिए ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय महत्व की परियोजना घोषित करने हेतु भारत सरकार के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किए गये। वर्ष 2018-19 के बजट में पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लिए पेयजल एवं सिंचाई की दीर्घकालीन आवष्यकताओं को पूरा करने के लिए 37 हजार करोड रूपये की लागत वाली ईआरसीपी परियोजना की डीपीआर केन्द्रीय जल आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई। अंततः दिनांक 28, जनवरी 2024 को भारत सरकार, राजस्थान सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के बीच संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुऐ। दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी परियोजना का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया। इसके बाद इस परियोजना का नाम रामजल सेतु लिंक परियोजना कर दिया गया।

राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी के नेतृत्व में पेयजल एवं सिंचाई समस्याओं के समाधान के लिए गुजरात, हरियाणा एवं मध्य प्रदेश राज्यों के साथ मिलकर 'सहयोगी संघवाद' की दिशा में सार्थक पहल की जा रही है। साथ ही जल संरक्षण के लिए कर्म भूमि से मातृ भूमि अभियान, हरियालो राजस्थान अभियान तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, उदयपुर में राज्य जल मंत्रियों की कान्फ्रेंस इत्यादि के माध्यम से धरती माता की प्यास बुझाने की अभिनव पहल की जा रही है।

रामजल सेतु लिंक (पीकेसी-ईआरसीपी) परियोजना का कार्य पूर्ण होने पर राजस्थान में पानी की चुनौती का स्थाई समाधान होगा तथा राजस्थान देश के सबसे कनेक्टेड राज्यों में से एक होगा। राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी द्वारा राजस्थान को सुजलाम् सुफलाम् बनाने के पुरूषार्थ की परंपरा शुरू कर दी गई है जोकि एक असाधारण घटना है। इससे वर्तमान पीढी ही नहीं बल्कि हमारी आने वाली पीढियों के लिए भी रामजल सेतु (संषोधित पीकेसी-ईआरसीपी) परियोजना जीवन दायिनी साबित होगी। लेकिन इस परियोजना के क्रियान्वयन में चुनौतियां भी कम नहीं है। अतः खेती किसानी से भली-भांति परिचित राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी को पूर्व प्रधानमंत्री माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की निम्न पंक्तियों को ध्यान में रखते हुए अपने दृढ संकल्प को पूरा करना होगा–

**''.....हास्य-रूदन में, तूफानों में,**
**अमर असंख्य बलिदानों में,**
**......पीडाओं में पलना होगा,**
**कदम मिलाकर चलना होगा.....।''**

**– जवाहर सिंह बेढम,**
**राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार**

## राजस्थान दिवस समारोह

# राजस्थान की सांस्कृतिक समृद्धता की झलक समेटे है जयपुर

## विरासत, विकास और उद्यमशीलता का संगम है जयपुर पिंक सिटी



डॉ. सौम्या गुर्जर

जयपुर पूरे प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को समाहित किए हुए है। यहाँ परकोटे के शहर में जयपुर की ऐतिहासिक झलक है तो बाहरी और नए बस रहे जयपुर में प्रदेश के हर अंचल से आए नागरिकों की बसावट से मिनी राजस्थान साकार हो रहा है। राजस्थान दिवस की स्थापना का कार्यक्रम इसी जयपुर शहर में वर्ष प्रतिपदा के मौक़े पर हुआ था।तब ही से जयपुर प्रत्येक राजस्थानी के मान को बढ़ाते हुए सबके सहभाग को सुनिश्चित कर रहा है। जयपुरसिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि एक जीवंत धरोहर है, जहाँ हर गली, हर इमारत, और हर त्योहार में संस्कृति की अनमोल झलक मिलती है। यह शहर अपनी ऐतिहासिक विरासत, भव्य महलों और समृद्ध परंपराओं के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। जयपुर अब एक आधुनिक और सतत विकासशील शहर के रूप में उभर रहा है। यह शहर अपनी ऐतिहासिक शान के साथ-साथ शांत और व्यवस्थित जीवनशैली के लिए भी जाना जाता है। तेज़ी से शहरीकरण के बावजूद, जयपुर ने अपनी स्वाभाविक शांति को बनाए रखा है, जो इसे रहने और काम करने के लिए आदर्श स्थान बनाता है। जयपुर केवल विरासत और पर्यटन का केंद्र ही नहीं, बल्कि एक आंत्रप्रेन्योर शहर भी है। जहाँ प्रदेशभर के युवा उद्यमशीलता के नवाचार कर रहे हैं। यहाँ स्टार्टअप कल्चर तेज़ी से विकसित हो रहा है और शहर देशभर के नए उद्यिमयों को आकर्षित कर रहा है। और जैसे सफल स्टार्टअप्स ने जयपुर से निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है। यह दर्शाता है कि जयपुर भविष्य को गढ़ रहा है। हाल ही में जयपुर ने आईफा अवॉर्ड्स जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी की, जिसने इसे एक ग्लोबल एंटरटेनमेंट हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया। इससे पहले भी कई हिंदी और अंतरराष्ट्रीय फिल्मों की शूटिंग यहाँ हुई है, जो इस बात का प्रमाण है कि यह शहर अपनी ऐतिहासिक सुंदरता के साथ-साथ आधुनिक अवसरों के लिए भी आदर्श स्थान बनता जा रहा है। पर्यटन, जयपुर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए हेरिटेज वॉक, डिजिटल टूर गाइड और सांस्कृतिक उत्सवों को नया स्वरूप दिया जा रहा है। 'छोटी काशी' के रूप में प्रसिद्ध इस शहर में गणगौर, तीज, दिवाली और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल जैसे आयोजन इसे सांस्कृतिक राजधानी बनाए रखने में सहायक हैं। भविष्य का जयपुर सिर्फ पर्यटन और व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्वच्छता, हरित ऊर्जा और डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जीरो वेस्ट सिटी और सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों को अपनाते हुए नगर निगम जयपुर को पर्यावरण-अनुकूल शहर बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके अलावा, जल संरक्षण के लिए अमृत योजना और जलशक्ति अभियान के तहत ऐतिहासिक बावड़ियों और तालाबों का पुनरुद्धार किया जा रहा है। जयपुर के समठा विकास के लिए राज्य सरकार व नगर निगम के माध्यम से विभिन्न प्रयास किए गए हैं जिसके अंतर्गत नगर निगम ठोटर जयपुर के द्वारा शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिलाओं को कौशल विकास लघु उद्यिमता में आगे बढ़ाने का एक सार्थक प्रयास किया गया इसी के साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए विशेष प्रयास के तहत सर्वाइकल कैंसर का जहाँ नि शुल्क टीकाकरण करके मातृशक्ति का राष्ट्र निर्माण में भूमिका के लिए एक सकारात्मक सार्थक प्रयास किया साथ ही जयपुर की स्वास्थ्य की चिंता करते हुए योग महोत्सव के माध्यम से लगातार 4 सालों से नगर निगम के माध्यम से प्रयास हो रहे हैं कि जयपुर स्वस्थ रहेगा तो जयपुर स्वच्छ होगा जयपुर ख़ुशहाल रहेगा इसके साथ ही जयपुर समारोह जैसे विभिन्न आयोजनों से भी यह प्रयास किया गया कि जयपुर की सांस्कृतिक विरासत को हम और आगे बढ़ा पाएँ और जयपुर पूरे राजस्थान की छवि को देश विदेश तक सकारात्मकता के साथ प्रस्तुत करता रहे। जयपुर का आतिथ्य भाव सदियों से इसकी पहचान रहा है। यही भावना इसे भविष्य में भी आगे ले जाएगी-एक ऐसा शहर जो अपनी जड़ों से जुड़ा रहेगा, लेकिन आधुनिकता को भी गले लगाएगा। आने वाले वर्षों में, जयपुर न केवल भारत बल्कि दुनिया के लिए एक आदर्श शहर बन सकता है, जहाँ विरासत, विकास और उद्यमशीलता एक साथ चलते हैं। यही भाव सम्पूर्ण राजस्थान में है और इसी के चलते आज राजस्थान देश के अठाणी राज्यों में शामिल हो देश के विकास को गति देने में अहम भागीदारी निभा रहा है।

**डॉ. सौम्या गुर्जर**
**महापौर नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

## राशिफल सोमवार 31 मार्च, 2025



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, अश्विनी नक्षत्र दिन 1:45 तक, वैधृति योग दिन 1:56 तक, कौलव करण प्रातः 9:12 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज गणगौर पूजन है। आज तृतीया तिथि का क्षय हुआ है। आज गौरी तृतीया, मनोरथ तृतीया व्रत, मत्स्य जयन्ती, वैधृति पूण्य, मन्वादि है। आज से मु.मास सव्वाल 10 आरम्भ होगी। आज मीठी ईद, ईद-उल फितुर है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:55 तक, शुभ 9:27 से 10:59 तक, चर 2:03 से 3:35 तक, लाभ-अमृत 3:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:23, सूर्यास्त 6:39




### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।



### वृष

मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि बनी रहेगी। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।



### मिथुन

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।




### कर्क

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।




### सिंह

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।



### कन्या

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आर्थिक परेशानी अभी बनी रहेगी। आज यात्रा टालना ठीक रहेगा।



### तुला

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।



### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




### धनु

घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मकर

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




### कुंभ

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



### मीन

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**Mislaid Trust, Cash And Jewellery** | Mini jumped out of the chair and hugged her warmly, "Don't worry, I will return the money to you within a week." | **When Technology Starts to Feel Like Magic** | **Overwhelmed by Cuteness? There's a Word for That!**



*राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत अल्बर्ट हॉल पर आयोजित राज्यस्तरीय सांस्कृतिक संध्या में शिरकत की। सांस्कृतिक संध्या में राजस्थानी कलाकारों ने अल्बर्ट हॉल के मंच पर गौरवशाली कला के रोचक रंगों को उकेरा। रवींद्र उपाध्याय, आकांक्षा शर्मा, मधु भाट, पीयूष पवार, करनबीर बोहरा एवं मांगणियार ग्रुप ने प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही, कत्थक तथा फोल्क डांस फ्यूज़न की भी प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में भव्य आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, जनप्रतिनिधि, शासन सचिव पर्यटन एवं कला-संस्कृति रवि जैन सहित अन्य अधिकारीगण सहित भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित थे।*

## बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रैस के 11 डिब्बे पटरी से उतरे

भुवनेश्वर, 30 मार्च। ओडिशा में ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रोड डिवीजन के कटक-नेरगुंडी रेलवे खंड में नेरगुंडी स्टेशन के समीप रविवार को दिन में लगभग 12 बजे 12551 बैंगलोर-कामाख्या एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। खुर्दा रोड के डीआरएम, ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधक, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और अन्य उच्चस्तरीय

- कोई जनहानि नहीं हुई, बचाव कार्य जारी है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कॉर्बेट पार्क में बाघिन का शव मिला

नैनीताल, 30 मार्च। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) में रविवार को बाघिन की मौत का मामला सामने आया है। ढेला रेंज से एक शव बरामद हुआ। वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

- बाघिन के शव पर गहरे चोट के निशान थे तथा मौके पर हाथियों के पैरों के निशान भी देखे गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह वन कर्मी गश्त पर थे। उन्हें ढेला रेंज में बाघिन का शव दिखा। तत्काल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ट्रम्प ने मोदी की प्रशंसा की, क्या ''टैरिफ वॉर'' में कुछ और रियायत हासिल करने के लिए?

## ट्रम्प ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी बहुत ''स्मार्ट व्यक्ति'' हैं तथा हम दोनों बड़े अच्छे दोस्त हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 मार्च। चतुर बिज़नैसमैन अमेरिकन राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुये, उन्हें ''स्मार्ट मैन'' बताया है, ताकि भारत से टैरिफ में राहत हासिल हो सके और वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच टैरिफ युद्ध के दौरान हो रही वार्ताओं में भारत के साथ सकारात्मक माहौल बनाया जा सके।

ट्रम्प ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी अभी हाल ही में यहाँ थे और हम दोनों सदैव अच्छे मित्र रहे हैं। भारत दुनिया में सर्वाधिक टैरिफ लगाने वाला देश है। यह निष्ठुर है। वे (मोदी) बहुत स्मार्ट व्यक्ति हैं तथा मेरे अच्छे मित्र हैं तथा हमारे बीच काफी अच्छी बातें हुई। मेरा मानना है कि भारत और हमारे बीच इस समस्या का अच्छा, बल्कि बहुत अच्छा, समाधान निकल आयेगा।''

उनके इस बयान से एक दिन पहले ही उन्होंने अमेरिका में प्रवेश करने वाले सभी आयातित वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की थी। दो अप्रैल से लागू होने वाली नई टैरिफ नीति का अमेरिका में बेचे जाने वाले करीब आधे वाहनों की बिक्री पर असर पड़ेगा। इनमें अमेरिका से बाहर असैम्बल होने वाले अमेरिकन ब्रॉन्ड भी शामिल हैं।

- ''वे हाल ही में अमेरिका आये थे, हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई और मैं मानता हूँ, भारत और हमारे देश के बीच बहुत अच्छी निभेगी, सब ठीक रहेगा।''
- ट्रम्प का यह वक्तव्य, उनकी उस घोषणा के बाद आया कि सभी आयातित वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, दो अप्रैल से। इस टैरिफ का असर, अमेरिका में बिक रहे आधे से ज्यादा वाहनों पर पड़ेगा। यहाँ तक कि उन अमेरिकी कारों पर भी जो अमेरिका से बाहर ''असैम्बल'' होती हैं।
- मोदी, फरवरी में अमेरिका गये थे तथा वहाँ दोनों ने संबंध और गहरे करने का इरादा जताया था तथा प्र.मंत्री मोदी व राष्ट्रपति ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच व्यापार को दुगना करने का, यानि 500 मिलियन डॉलर तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

ट्रम्प ने भारत के उच्च टैरिफ की बात कई अवसरों पर कही है तथा एक फरवरी को भारत के उच्च टैरिफ का जिक्र करते हुये, उन्होंने रैसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा था, ''हम जल्दी ही रैसिप्रोकल टैरिफ लगायेंगे- वे हम पर लगाते हैं, हम उन पर लगायेंगे। कोई देश हो, जैसे भारत या चीन, या कोई कम्पनी हो, जितना टैरिफ हम पर लगाया जायेगा, हम भी उसके अनुरूप, बदले में उतना ही टैरिफ लगायेंगे।''

प्रधानमंत्री मोदी फरवरी में वॉशिंगटन डीसी गये थे तथा वहाँ ट्रम्प के साथ उनकी द्विपक्षीय वाताएं हुई थीं। मोदी की अमेरिका यात्रा के समय, ट्रम्प को दूसरे कार्यकाल के लिये राष्ट्रपति पद सँभाले पूरा एक महीना भी नहीं हुआ था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## रविवार को छत्तीसगढ़ में 65 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया

दंतेवाड़ा/बीजापुर 30 मार्च। छत्तीसगढ़ के बीजापुर व दंतेवाड़ा जिलों में रविवार को 65 माओवादियों ने सुरक्षाकर्मियों के सामने आत्मसमर्पण कर नक्सली संगठन को करारा झटका दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने आज इस बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले में जारी 'लोन वर्राटू' (घर वापस आइए) अभियान से प्रभावित होकर 15 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में सिक्का उर्फ भीमा मंडावी प्रतिबंधित माओवादी संगठन के पोटाली आरपीसी के तहत जनताना सरकार का प्रमुख था। अधिकारियों ने बताया कि सरेंडर करने वाले माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 'लोन वर्राटू' अभियान के तहत अब तक 221 इनामी सहित कुल 927 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

- अधिकारियों के अनुसार, ''लोन वर्राटू'' (घर वापस आइये) अभियान के तहत अब तक कुल 927 नक्सली आत्म समर्पण कर चुके हैं।

# 'वोट के लिए डी.एम.के. कांग्रेस के साथ है: पर, घोटालों के कारण गुपचुप में डी.एम.के. भाजपा के साथ है'

## फिल्म स्टार विजय ने तमिलनाडु की राजनीति में अनूठा स्थान बनाने की कोशिश की

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 मार्च। भाजपा व अन्नाद्रमुक तमिलनाडु में वर्ष 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन करने का प्रयास कर रही हैं। इसी बीच तमिलनाडु की राजनीति में नए आए फिल्म स्टार विजय ने शुक्रवार को घोषणा की कि आगामी चुनावों में मुख्य मुकाबला उनकी पार्टी तमिलागा वेत्री कषघम और सत्तारुढ़ द्रमुक के बीच है। ज्ञातव्य है कि विजय ने हाल ही में तमिलनाडु की राजनीति में कदम रखा है।

अपनी पार्टी की जनरल इकाई की पहली मीटिंग को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, ''राजनीति का अर्थ राज्य के प्रत्येक परिवार की देखभाल करना है। क्या यह सिर्फ एक परिवार के लिए है। माननीय राजतंत्रवादी मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, अगर केन्द्र में भाजपा सरकार फासीवादी है तो आपकी सरकार क्या है आपकी सरकार उससे किसी भी तरह कम नहीं है। मुझे जनता से मिलने से रोकने वाले आप कौन होते हैं।'' उन्होंने सत्तारुढ़ द्रमुक पर आरोप लगाया कि वह उनकी पार्टी के कार्यक्रमों और जनसभाओं में अड़ंगा लगा रही है। उन्होंने कहा, अपने लोगों से मिलने के लिए हम हर बाधा पार करेंगे।

- स्टालिन पर आक्रमण करते हुए उन्होंने यह भी कहा, ''राजनीति का मतलब होता है, प्रदेश के हर एक तथा सभी परिवारों की सुख समृद्धि के बारे में सोचना, केवल एक ही परिवार, स्वयं के परिवार के हित के बारे में सोचना नहीं।''
- विजय ने भाजपा को भी नहीं बख्शा और चुपचाप, डी.एम.के. की मदद करने का आरोप लगाया।

विजय ने कहा, ''माननीय स्टालिन जी नाम के साथ बहादुर जोड़ने से कुछ नहीं होता, यह चीज आपको अपने काम में दिखानी पड़ती है।''

राज्य की कानून व्यवस्था पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज़ नहीं है। हर तरफ भ्रष्टाचार है। अगर आप सरकार चलाते हैं तो महिलाओं को सुरक्षा मिलनी चाहिए। महिलाओं के साथ जो कुछ हो रहा है, वो हम कह भी नहीं सकते हैं और आप गर्व से कहते हैं कि सब आपको ''अप्पा'' कहते हैं?

उन्होंने भाजपा और केन्द्र सरकार को भी नहीं बख्शा और कहा कि वह गुप्त रुप से द्रमुक की मदद कर रही है। वोट के लिए द्रमुक चुनाव में कांग्रेस के साथ हो जाती है और घोटालों के लिए गुपचुप भाजपा को साथी बना लेती है।

पार्टी ने आम सभा में 17 प्रस्ताव पास किए, जिसमें केन्द्र से वक्फ बोर्ड (संशोधन) विधेयक 2024 को वापस लेने की मांग करने वाला प्रस्ताव भी शामिल था। इसके अलावा, पार्टी ने मछुआरों को समर्थन दिया, केन्द्र से आग्रह किया कि पाक जलडमरु मध्म

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आरएसएस राष्ट्रीय चेतना को निरन्तर ऊर्जावान बनाता है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने नागपुर में आरएसएस मुख्यालय का दौरा किया तथा हेडगेवार व गोलवरकर को श्रद्धांजलि दी

नागपुर , 30 मार्च। प्रधानमंत्री ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक वट वृक्ष है और यह राष्ट्रीय चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। कठिन से कठिन दौर में भी भारत की चेतना को जागृत रखने वाले नए-नए सामाजिक आंदोलन होते रहे हैं। मोदी नागपुर के माधव नेत्रालय के नए भवन (प्रीमियर सेंटर) के शिलान्यास पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। नागपुर के दौरे में मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय का दौरा किया और वहां संगठन के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार और आरएसएस के पूर्व सर संघ चालक स्वर्गीय माधव सदाशिव गोलवरकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

- प्रधानमंत्री मोदी ने माधव नेत्रालय के प्रीमियर सैन्टर के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया तथा दीक्षाभूमि में अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी।

मोदी यहां दीक्षाभूमि में भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की । नागपुर के दौरे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मोदी के साथ थे।

उन्होंने भारत में समय समय पर चेतना को जागृत करने वाले आंदोलनों के संदर्भ में मध्य काल के भक्ति आंदोलन का उदाहरण दिया और कहा मध्यकाल के उस कठिन कालखंड में हमारे संतों ने भक्ति के विचारों से हमारी राष्ट्रीय चेतना को नयी ऊंचाई दी।

इससे पहले मोदी ने नागपुर में डॉ हेडगेवार और गुरुजी (गोलवरकर) को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, ''नागपुर में स्मृति मंदिर जाना एक बहुत ही खास अनुभव है। आज की यात्रा को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि यह प्रतिपदा के दिन हुई है, जो परम पूज्य डॉक्टर साहब (हेडगेवार) की जयंती भी है। मेरे जैसे अनगिनत लोग परम पूज्य डॉक्टर साहब और पूज्य गुरुजी के विचारों से प्रेरणा और शक्ति प्राप्त करते हैं।

मोदी ने दीक्षाभूमि का दौरा करने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा,नागपुर में दीक्षाभूमि सामाजिक न्याय और दलित लोगों के सशक्तीकरण का विराट प्रतीक है। पीढ़ी दर पीढ़ी भारत के लोग डॉ बाबासाहेब के प्रति इस बात के लिए कृतज्ञ बने रहेंगे कि उन्होंने हमें एक ऐसा संविधान दिया जो हमारे लिए सम्मान और समानता की गारंटी देता है।




## सार-समाचार

### गणगौर की सवारी आज निकलेगी

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में रविवार को महिलाओं द्वारा सिंजारा पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान गणगौर पूजने वाली सुहागिन महिलाओं ने अपने हाथों में मेहन्दी रचाई। साथ ही जगह-जगह पर गणगौर का सिंजारा डाला गया। इसके साथ ही सोमवार को महिलाएं सोलह सिंगार कर ईश्वर गणगौर की पूजा करेगी। जबकि इसके पूर्व बैण्ड-बाजे के साथ उद्यानों तथा मन्दिरों में जाकर कलश में दोब आदि अपने सिर पर रखकर गणगौर के लोकप्रिय गीत गाते हुए घर आकर गणगौर की पूजा अर्चना करेगी। वहीं हलवाई नेमीचन्द प्रजापति ने बताया कि इस त्यौहार पर प्रसिद्ध मिठाई घेवर की बिक्री भारी मात्रा में होती है। इसके चलते क्षेत्र के लगभग सभी हलवाईयों द्वारा घेवर बनाये जाते है। इसी क्रम में जानकारी के अनुसार जिन युवतियों की सगाई अथवा शादी हो चुकी है। उनके प्रथम वर्ष में उनके ससुराल पक्ष द्वारा सिंजारा भरा जाता है। इस दौरान सिंजारे में कन्याओं के ससुराल पक्ष की ओर से कन्याओं के लिए घेवर, फल फ्रूट, ज्वैलरी तथा लहरिया भेजा जाता है। इसके साथ ही क्षेत्र में सोमवार को नगर पालिका फुलेरा द्वारा गाजे-बाजे एवं शाही लवाजमे के साथ श्रीराम नगर स्थित बालाजी की बगीची से क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### भारत माता की निकाली शोभायात्रा

**सांभरझील,** ,(निसं)। हिंदू नव वर्ष आयोजन समारोह समिति के तत्वाधान में नव संवत्सर के शुभ आगमन पर रविवार को प्रातः आर्य समाज भवन से पुरानी धान मंडी स्थित रामलीला रंगमंच तक मां जगदंबा व भारत माता की जीवंत शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। समिति के सचिव राजू उर्फ अशोक कयाल ने बताया कि शोभा यात्रा से पहले आर्य समाज भवन में 108 कुंडीय हवन स्वामी सोमानंदजी गुड़गांव (हरियाणा) के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ सैकड़ो बच्चों ने आहुतियां दी। स्वामी जी ने नव संवत्सर जो हिंदू नव वर्ष का प्रतीक है उस पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। आयोजन समारोह समिति के अध्यक्ष शिवरतन सोनी एवं उनकी टीम के सभी सदस्यों की रैली के शुभारंभ से संपन्न होने तक प्रमुख भूमिका रही। रैली के दौरान अच्छी खासी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं का विशेष उत्साह देखा गया। रथ पर सवार जीवंत शोभा यात्रा को देखने के लिए जगह-जगह लोगों का हुजूम उमड़ा। तेली दरवाजा रोड पर श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी वकील सुनील शर्मा की तरफ से जोरदार पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रामलीला रंगमंच पर मां जगदंबा और भारत माता की गोवर्धन नाथ मंदिर के महंत जुगलदास महाराज ने आरती उतारी। रैली के दौरान प्रभु जय श्री राम, भारत माता की जयकारै के साथ नाचते गाते ध्वज पताका के साथ सैकड़ो में इस आयोजन में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई।

### कार्यालय का उद्घाटन

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के आदर्श नगर टेलीफोन एक्सचेंज रोड़ पर सैनी सभा भवन के पास रविवार को सैनी विकास संस्था (संगठन) कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमांडेंट कैलाश सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फुले की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षता करते हुये उपनिदेशक शिक्षा देवीसहाय सैनी ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, अनावश्यक खर्च व नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाकर समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। ताकि समाज विकसित हो सके वर्तमान समय की मांग के अनुसार प्रगति कर सके। इससे पूर्व महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्र्यापण कर एवं द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं अतिथियों का माला पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष बबलू बबेरवाल ने बताया कि 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दौरान उमराव प्रसाद सैनी, सुवालाल सैनी, रामरतन सैनी, रामावतार मिस्त्री, रामस्वरूप सैनी, गंगाराम सैनी, आनंद सैनी व संजय दैया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### राजस्थान स्थापना व नवसंवत्सर दिवस मनाया

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय श्री कृष्ण महिला छात्रावास में रविवार को 76 वाँ राजस्थान स्थापना दिवस एवं भारतीय नवसंवत्सर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यादव समाज जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव पूर्व गिरदावर एवं समाज वरिष्ठ रामकरण खोला द्वारा अध्यक्षता की गई। विशिष्ठ अतिथि समाज अध्यक्ष रामावतार यादव, पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव, ऑडिटर राजेन्द्र यादव, प्रवक्ता रामकरण यादव, बस्तीराम यादव, अमीचंद डाबड़, प्रकाश यादव, रामसिंह यादव रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। इस मौके पर अतिथियों का माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। प्रवक्ता रामकरण यादव द्वारा छात्रावास में अध्ययनरत सभी 52 छात्राओं को अपनी तरफ से ट्रैक सूट मय शूज मौजे देने की घोषणा की। साथ ही जरूरतमंद छात्राओं की बेहतर शिक्षा में मदद कोष में 21 हजार रुपये सत्यनारायण यादव कांसली, 21 हजार रुपये डॉ. एस. एम. यादव, 11-11 हजार रुपये ऑडिटर राजेन्द्र यादव जगदीशपुरा, रामकरण खोला, अमीचंद डाबड़ द्वारा सहयोग स्वरूप दिये गये।

### करणी माता मेला शुरू

**अलवर,** (निसं)। नवसंवत्सर और नवरात्रि स्थापना पर रविवार को मंदिरों के अलावा घरों में घट स्थापना हुई। अलवर शहर में बाला किला से नीचे करणी माता मंदिर में मेला शुरू हो गया। जहां सुबह 6 बजे से पहले ही भक्त पहुंचना शुरू हो गए थे। वन राज्य मंत्री व अलवर शहर विधायक संजय शर्मा भी सुबह करणी माता के मंदिर पहुंचे। वहां पूजन किया और सबके लिए खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि राजस्थान स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में साप्ताहिक कार्यक्रम किए गए हैं। इन कार्यक्रमों के तहत युवाओं, किसानों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं।

# पावटा में सूने मकान को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना



चोरी की वारदात के बाद मौका मुवायना करते पुलिसकर्मी।

■ चोरों ने घर में पीछे से मकान के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें इन दिनों थमने का नाम नहीं ले रही। यहां गत दिनों हुई चोरियो में कुछ का पुलिस खुलासा करने में सफल हुई है लेकिन कुछ का अभी तक खुलासा भी नहीं कर पाई है। उससे पहले एक बार फिर चोरों ने दस्तक दी और एक बंद मकान को अपना निशाना बना लिया। इस बार चोरों ने पावटा कस्बे के मोदी के मंदिर के पास में कैलाश चंद चौधरी के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

जहां मकान मालिक परिवार सहित हिमाचल में रहते है। पावटा कस्बे के मोदी के मंदिर के पास स्थित उनका मकान बंद पड़ा हुआ है। जिसमें अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर मकान मालिक के घर में पीछे से मकान के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। वही पावटा में रहने वाले उनके ही परिवार के सदस्य अशोक चौधरी ने बताया कि वह परिवार सहित हिमाचल में रहते है और घर में कोई नहीं रहता। जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोर घर के मुख्य दरवाजा का ताला तोडकर घर में घुसे। चोरों ने दो मंजिल बने घर में अलमारी, बेड, संदूकों का ताला तोड़कर कीमती सामान लेकर फरार हो गए। वहीं रविवार को जब किसी जानकार ने घर के गेट के ताले टूटे देखे तो इन्होंने परिवार वालों को खबर दी। जिस पर उन्होंने भी प्रागपुरा थाना पुलिस को तुरंत सूचना दी। उसके बाद मौके पर पहुंची प्रागपुरा थाना पुलिस ने मकान के अंदर जाकर देखा तो कमरे के ताले टूटे पड़े थे और उनमें रखा सारा सामान बिखरा हुआ था। आलमारियों, संदूकों, लोहे के गेट के ताले टूटे हुए थे, इसके साथ ही बॉक्स खाली पड़े थे। इस पर पुलिस ने मकान मालिक को फ़ोन पर सूचित किया और मकान मालिक कैलाश चंद चौधरी पावटा के लिए रवाना हुआ। फिलहाल चोरों ने कितने माल पर हाथ साफ किया, यह तो अब मकान मालिक के पावटा पहुंचने के बाद ही स्पष्ट होगा।

## आग लगने से अनाज जलकर हुआ राख

**निवाई,** (निसं)। बिडोली गांव में एक घर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लगने से लाखों रुपए का अनाज जलकर राख हो गया। दशरथसिंह चौहान ने बताया कि बिडोली गांव के किसान बाबूलाल मीणा पुत्र मिश्रीलाल मीणा खेत पर काम कर रहा था अचानक उसे अपने घर पर आग की लपटे दिखाई दी। जब वह दोडकर घर पहुंचा और आस-पास के खेतों में काम करने वाले लोगों को अवाज देकर बुलाया। जिस पर आस-पास कार्य कर रहे लोग दौड़ते हुए आए और कुएं से मोटर चलाकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। आग में एक ट्रोली सरसों, 7 बोरी मूंगफली, पांच बोरी जौ, 6 बोरी गेहूं एवं पशुओं का चारा व अन्य सामान जलकर राख हो गया।

# भगवान झूलेलाल की निकली शोभायात्रा

**निवाई,** (निसं)। सिंधी समाज के तत्वावधान में रविवार को चेटीचंड महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समाज के अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने बताया कि रविवार को झूलेलाल मंदिर में समाज के लोगों द्वारा वैदिक आचार्यों के सानिध्य में शिव पंचायत, भगवान झूलेलाल व बालाजी सहित विभिन्न देवी देवताओं का जल और पंचामृत से अभिषेक किया। इस दौरान मुंडन संस्कार, पूज्य बेहराणों अखा साहब की महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सम्पूर्ण सिंधी समाज ने प्रसादी ठाहण की। रविवार की शाम चार बजे झूलेलाल मंदिर से गाजे बाजे के साथ चेटीचंड की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान झूलेलाल की आकर्षक झांकी सजाई गई। शहर में जगह जगह सिंधी समाज के लोगों ने भगवान झूलेलाल की आरती उतारी। जुलूस में विभिन्न प्रकार की झांकियों सजाई गई। जुलूस में युवक-युवतियां नाचते गाते चल रहे थे। बीच बीच में सभी लोग जैको चवंदो झूलेलाल उनेजा थींदा बेडापार का जयकारा लगा रहे थे। चेटीचंड का जुलूस शहर के झूलेलाल मंदिर से विभिन्न मार्गों से होता हुआ भरकुंआ तालाब पहुंचा। इस दौरान शहर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया। जुलूस युवाओं ने भगवान झूलेलाल के जमकर जयकारे लगाए। इस दौरान शीतलदास इसरानी, हीरू रामचंदानी व महेन्द्र मेठवानी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे। 05 निवाई- झूलेलाल जंयती पर चेटीचंड मेले पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल युवक व युवतियां।

# पालिका ने परिसर में बॉलीबॉल ग्राउंड के सौंदर्यकरण के नाम खर्च किए 35 लाख रुपये



पालिका ने परिसर में बॉलीबॉल ग्राउंड के सौंदर्यकरण के नाम 35 लाख रुपये खर्च किए।

■ चवन्नी में होने वाले कामों पर एक रुपया खर्च करने की योजना देवली पालिका द्वारा बनाई जाती रही है।

■ सरकारी धन का दुरुपयोग करने जैसे मामले एक के बाद एक सामने आ रहे हैं

**देवली,** (निसं)। सौंदर्य करण करवाने के कार्य में अपने चहेते ठेकेदार को सरकारी धन का लाभ पहुंचाने की नियत पर चवन्नी में होने वाले कामों पर एक रुपया खर्च करने की योजना देवली पालिका द्वारा बनाई गई है। इसलिए कि यहां विकास के नाम सौंदर्य करण कार्यों पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने जैसे मामले एक के बाद एक सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है ।

हुआ यह कि देवली नगर पालिका के अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने पालिका परिसर में बॉलीबॉल ठाउंड के सौंदर्य करण कार्य करवाये जाने के लिए 34 लाख 87 हजार रुपए खर्च करने की योजना 7 दिसंबर 2021 को बनाई थी। इस दौरान देवली पालिका के अधिकारियों ने नगर पालिका परिसर में स्थित केवल वॉलीबॉल ठाउंड के सौंदर्यकरण कार्य 34 लाख 87 हजार रुपए की बड़ी लागत पर करवा । ऐसे में यहां लोगों का मानना है कि अगर वॉलीबॉल ठाउंड के उक्त सोंदर्य करण कार्य को कोई अन्य सरकारी एजेंसी करती तो यही कार्य 8 से 10 लाख रुपए के खर्च पर आसानी से हो जा सकता था। इसलिए कि इस कार्य में कहीं ना कही सरकारी धन को चुना लगाने की नीयत पर भ्रष्टाचार हुआ है । ऐसे में यह भी सत्य है कि पिछले 7 से आठ सालों के बीच देवली पालिका के द्वारा शहर में विकास के नाम जितने भी निर्माण एवं सौंदर्य करण कार्य करवाए गए हैं।

उनमें आवश्यकता से अधिकाधिक लागत खर्च करने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि पालिका परिसर में स्थित वॉलीबॉल ठाउंड के सौंदर्यकरण के कार्य में सरकारी धन का बड़ा दुरुपयोग हुआ है । ऐसे हालातो पर यह भी लगता है कि कहीं ना कहीं बॉलीबॉल ठाउंड मैं जो कार्य हुआ है उस कार्य पेठे लगभग 35 लाख रुपए खर्च करने की कार्यप्रणाली में उक्त कार्य करने वाले ठेकेदार को सरकारी धन से लाखों का फायदा पहुंचाने की नीति अधिकारियों द्वारा बनाई गई । जो साफ तौर पर दिखाई पड़ रही है। अब इसके अलावा समझने वाली बात तो यह है कि नगर पालिका में अध्यक्ष और ईओ ऑफिस के बाहर जो लोहे की रेलिंग लगी हुई है। वह 2019 में पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखा जैन के कार्यकाल में नए नगर पालिका सभागार के निर्माण दौरान लगवाई गई थी। जबकि वॉलीबॉल ठाउंड में सौंदर्य करण का कार्य 2022 में प्रारंभ हुआ था। ऐसे में अधिकारी सुरेश कुमार मीणा का कहना है कि। वॉलीबॉल गउंड के सौंदर्य करण कार्य के साथ ही ऑफिस के बाहर लोहे की रेलिंग इसी दौरान लगाई गई थी। ऐसे में यहां हुए भ्रष्टाचार को छुपाने के साथ ही यह मामला जांच का विषय बनता है। इसलिए की 2019 मैं हो चुके कार्य को भी 7 दिसंबर 2021 को निकाली गई ई निविदा में 34 लाख 87 हजार रुपए लागत में करवाये गए वॉलीबॉल ग्राउंड के सौंदर्य करण कार्य के साथ जोड़ा जा रहा है। सुरेश कुमार मीणा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका,देवली टोंक ने बताया कि अधिकारी नगर पालिका परिसर में बॉलीबॉल ग्राउंड के सौंदर्यकरण कार्य में, वॉलीबॉल ग्राउंड में लोहे की जाली,इंटर लॉकिंग कार्य और स्टोन कार्य हुआ है। इसमें कार्य में ऑफिस के बाहर भी रेलिंग लगाई गई थी।

## सार-समाचार

### हेलीपैड का लिया जायजा

**पावटा।** क्षेत्र की सर्वांगीण उन्नित के लिए विश्व विख्यात सिद्ध योगी बाबा बालकनाथ जी की तपोस्थली एवं महासमाधि स्थल बावडी मैन रोड दिल्ली पावटा में बाबा बस्तीनाथ महाराज के सान्निध्य में 11 अप्रैल 2024 से 6 अप्रैल 2025 तक चल रहे 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ का 6 अप्रैल रविवार को बड़े राजनेताओं व प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर बड़े राजनेताओं गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह, मुख्यमंत्री राजस्था न सरकार भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव के आगमन को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। कार्यक्रम को सही तरीके से आयोजित करने को लेकर जिला प्रशासन पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से दिन-रात मेहनत कर रहा है। बड़े राजनेताओं के आगमन को लेकर हेलीपैड बनाये गये हैं। पूरे इलाके की बैरिकेडिंग करवायी गयी है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बड़े राजनेताओं के आगमन को लेकर विभिन्न जिलों से पुलिस पदाधिकारी को भी सुरक्षा के लिए बुलाये गए है। लगातार पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल का जायजा ले रहे हैं। रविवार को भी पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, डीवाईएसपी शिप्रा राजावत, तहसीलदार संजय खेदड सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल बावडी पहुंच कर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड भी मौजूद रहे। विधायक ने एसपी सहित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया। इस दौरान विधायक धनकड सहित तमाम पदाधिकारियो ने हेलीपैड का जायजा लिया। इसके उपरांत अन्य स्थलों का मुआयना किया।

### अवैध बन्दूक व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में सदर थाना टोंक पुलिस की गठित दल ने दौराने गस्त कार्यवाही करते हुए एक अवैध 12 बोर एक नाली बन्दूक व 22 जिन्दा कारतूस, तीन खाली कारतूस, तीन धारधार चूर्रे सहित आरोपी रामप्रसाद कापी पुत्र हरजीलाल मोग्या उम्र 22 साल निवासी बिसलपुर कॉलोनी हॉल निवास जंगलतन को गिरफ्तार किया गया हैं।

### अवैध देशी मदिरा के 48 पव्वे जप्त

**टोंक,** (निसं)। थाना सदर टोंक पुलिस ने हाईवे मार्ग पर संचालित एक होटल के सामने बसी सन्तोष नगर कॉलोनी से अभियुक्त मोनू बैरवा पुत्र रामभरासे उम्र 26 साल निवासी रेगरो का मोहल्ला छावनी थाना पुरानी टोंक को डिटेन कर आरोपी के कब्जे से अवैध देशी मदिरा के 48 पव्वे जप्त कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

# प्रदेशवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे : जूली



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने हिन्दू नववर्ष पर आगंतुकों का रोली चावल का तिलक लगा कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

**अलवर,** (निसं)। नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली बोले भारतीय जनता पार्टी के राज में प्रदेशवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली के रिमोट कंट्रोल से चलने वाली प्रदेश की पर्ची वाली सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर आमजन को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित कर रही है। नेता प्रतिपक्ष जूली रविवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कर रहे थे।

जूली बोले प्रदेश के विद्यार्थी से लेकर बुजुर्ग,महिला और दिव्यांग सभी वर्ग सरकार की उपेक्षाओं के कारण अपने हितों के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे है।उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को ना तो पेंशन समय पर मिल रही है ना ही छात्रवृत्ति समय पर मिल रही है ऐसे में आमजन को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की जनता को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षाएं प्रदान करते हुए उनको अपने पैरों पर खड़ा होने का काम किया लेकिन पर्ची वाली सरकार में जैसे सरकार बैसाखी पर चल रही है वैसे ही जनता के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा में सरकार के मंत्री जनहित के मुद्दों पर जवाब देने में नाकामयाब साबित हो रहे है।उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया ही जनता के हितों पर कुठाराघात करने से गुरेज नहीं कर रहे, ऐसे में अब प्रदेशवासियों को वापस से गहलोत राज की याद आ रही है। जूली ने राजस्थान दिवस की सभी प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीरों की भूमि, भक्ति की भूमि, ऐतिहासिक भूमि, अतिथि देवो को चरितार्थ करने वाली ऐसी मिट्टी और प्रेम और भाईचारा का प्रतीक हमारा राजस्थान है। जूली ने हिन्दू नववर्ष पर सभी आगन्तुकों का रोली चावल का तिलक लगा कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

# कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र शुरू



दौसा में दीपदान करती महिलायें।

■ मंदिरों में पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना की

**दौसा,** (निसं)। रविवार से चैत्र नवरात्र की शुरुआत दौसा जिले में श्रद्धा और भक्ति के साथ हुई। जिले के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में कलश स्थापना की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने दुर्गा मंदिरों में पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना की। शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर और अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में दुर्गा माता के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कलश स्थापना के दौरान पूरे शहर में मंगल ध्वनि गूंज उठी।

मंदिरों में विशेष सजावट की गई और दीपों की जगमगाहट से माहौल और भी पावन हो गया। स्थानीय पंडितों ने विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण कर भक्तों को पूजन विधि कराई। भक्तों ने नवरात्रि के नौ दिनों तक व्रत और माता की आराधना करने का संकल्प लिया। दुकानों में पूजन सामठी की खरीदारी जोरों पर रही, जिससे बाजारों में भी चहल-पहल देखी गई। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे शहर में नवरात्रि के इस पावन अवसर पर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालु मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करने के लिए व्रत, पूजन और आरती में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं

दीपदान का आयोजन किया:- हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर देवगिरि महिला मंच द्वारा किया गया दीपदान आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को संरक्षित करना और समाज में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में महिलाओं ने दीप जलाकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। दीपदान के साथ-साथ भजन संध्या,और नववर्ष के स्वागत में विभिन्न सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। संस्थान की अध्यक्ष डॉ निर्मला शर्मा ने कहा कि यह आयोजन हमारी संस्कृति की जीवंतता और आध्यात्मिकता को सहेजने का एक प्रयास है। इस अवसर पर महिला मंच की सदस्य उपस्थित रहीं। पूरे आयोजन में भक्तिमय और हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला।

## रन फॉर फिट राजस्थान को जिला कलक्टर ने दिखाई हरी झंडी

**कोटपूतली,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत महिला, किसान, अन्त्योदय, युवा एवं सुशासन को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में रविवार को जिला स्तरीय रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर सरदार राजकीय माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली से रवाना किया, जिसका समापन जिला कलेक्ट्रेट परिसर कोटपुतली में हुआ। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि फिटनेस केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारे जीवन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने फिट राजस्थान अभियान शुरू करने का संकल्प लिया, 'रन फॉर फिट राजस्थान' इसी संकल्प का प्रतीक है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, उपखंड अधिकारी कोटपूतली बृजेश कुमार, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# लूट के मामले में फरार चल रहा वांछित अपराधी सुनील उर्फ कालू गिरफ्तार

■ 07 देशी पिस्टल, 04 देशी कट्टे, 01 खाली मैग्जीन व 20 जिंदा कारतुस किये बरामद

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस व जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) की टीम ने संयुक्त रूप से अन्तर्राज्यीय अवैध हथियार तस्करों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुये गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किये है। इस सम्बंध में जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुये बताया कि विगत 29 मार्च को डीएसटी टीम को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम गोनेड़ा निवासी विकास गुर्जर व उसका एक अन्य साथी जिनके पास भारी मात्रा में अवैध हथियार है, जो कि जयपुर की तरफ से कोटपूतली आ रहे है। इस पर कोटपूतली थाना पुलिस व डीएसपी टीम के जाप्ते ने कस्बे के बानसूर कट स्थित गोपालपुरा मोड़ के पास जाकर घात लगाई तो कुछ ही देर में दो नौजवान युवक जिन्होंने अपनी पीठ पर बैग लटका रखा था।

दोनों राजमार्ग की सर्विस लेन पर पैदल आते दिखाई दिये। डीएसटी टीम के कानि. विक्रम ने उनमें से बैग लटकाये हुये युवक की पहचान गोनेड़ा निवासी विकास उर्फ विक्की के रूप में की। पुलिस जाप्ते द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त दोनों युवक पुलिस जाप्ते को देखकर भागने लगे। चूंकि दोनों के पास अवैध हथियार होने की सूचना थी।

साथ ही उनके द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग का अंदेशा भी था। इस पर पुलिस ने बेहद सम्भल कर पीछा करते हुये दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने विकास उर्फ विक्की के पायजामे से एक देशी पिस्टल व सुनील उर्फ कालू की पेंट में भी एक देशी पिस्टल बरामद की। वहीं उनके बैग से 05 देशी पिस्टल, 04 देशी कट्टे, 01 खाली मैग्जीन पिस्टल की, 08 जिंदा कारतुस देशी कट्टे के व 12 जिंदा कारतुस देशी पिस्टल के बरामद किये। एसपी ने बताया कि इस पर दोनों बदमाशों क्रमशरू पनियाला थाने के गोनेड़ा निवासी विकास उर्फ विक्की (24) पुत्र किशन लाल गुर्जर व सीकर के पाटन थाना क्षेत्र की अहीरों की ढ्राणी निवासी सुनील कुमार उर्फ कालू (25) पुत्र बाबूलाल अहीर को गिरफ्तार कर लिया।

दोनों की गिरफ्तारी में डीएसटी टीम के कानि. विक्रम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दोनों अभियुक्तों में विकास उर्फ विक्की पनियाला थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। जिसके विरूद्ध विभिन्न थानों में गंभीर अपराधों के करीब एक दर्जन प्रकरण पंजीबद्ध है। वहीं दुसरा अभियुक्त सुनील उर्फ कालू झुंझुनु के बबाई थाना क्षेत्र में लूट के एक मामले में विगत एक वर्ष से फरार चल रहा था। जिसके विरूद्ध विभिन्न थानों में गंभीर अपराध के करीब आधा दर्जन प्रकरण दर्ज है। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि पुलिस द्वारा सोशियल मीि

डया पर पैनी नजर रखी जा रही है। साथ ही जिले में अवैध हथियारों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। सोशियल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ फोटो डालने वालों पर विशेष कार्यवाही करते हुये अभी तक जिले में कुल 35 कार्यवाही की जा चुकी है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से सख्ती से पुछताछ कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि यह हथियार कहां से लाये गये थे एवं आगे किसे सप्लाई किये जाने थे। पुलिस का ऐसा मानना है कि सम्भवतया यह हथियार मध्यप्रदेश के धार से लाये गये थे। पुलिस को आने वाले दिनों में मामले में और भी खुलासे होने की उम्मीद है। साथ ही अन्य वारदातों के खुलने का भी अंदेशा है।

# तेजाजी मंदिर की मूर्ति तोड़ने का मामला : आरोपी दो दिन की रिमांड पर

## ऐहतियात के तौर पर जाब्ता तैनात

**जयपुर।** प्रतापनगर सेक्टर तीन में स्थित तेजाजी मंदिर की मूर्ति तोड़ने के मामले में गिरफ्तार सिद्धार्थ को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर भेज दिया। घटना के बाद से तेजाजी मंदिर पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। ऐसे में एतिहात के तौर पर रविवार को भी मंदिर व उसके आस-पास पुलिस का जाप्ता तैनात रहा।

सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर विनोद कुमार ने बताया कि तेजाजी मंदिर पर तोड़फोड़ की घटना के बाद से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है।

ऐसे में सुरक्षा के लिहाज से मौके पर पुलिस का जाब्ता तैनात है। आरोपी सिद्धार्थ को कोर्ट में पेश किया गया।

- **घटना के बाद मंदिर में पहुंच रहे बड़ी संख्या में लोग**
- **पुजारी ने की अपील : मामले में न करें राजनीति, फिर से होगी प्राण प्रतिष्ठा**

जहां से दो दिन का रिमांड मिला है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

तेजाजी की मूर्ति तोड़े जाने पर मंदिर पुजारी ने आमजन से अपील की है इस मामले को राजनीतिक रुप ना दे। मूर्तियों की फिर से प्राण प्रतिष्ठा करवाई जाएगी।

तेजाजी मंदिर के पुजारी मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि 28-29 तारीख की रात्रि को मूर्ति को खंडित करने वाले को पुलिस ने कार्रवाई कर तुरंत गिरफ्तार कर लिया। ऐसे में शांति बनाए रखने की जरूरत है। राजनीतिक दलों से मेरा निवेदन है कि वे लोग फालतू की राजनीति न करें। उग्र प्रभाव न फैलाएं। मुहूर्त देखकर सभी कार्य किया जाएगा।

गौरतलब है कि प्रताप नगर में तेजाजी महाराज की मूर्ति को शुक्रवार रात एक युवक ने तोड़ दिया था। मूर्ति तोड़ने के बाद घटना के विरोध में शनिवार को लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया था। सुबह विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और जमकर प्रदर्शन करने लगे। टायर जलाकर विरोध जताकर हाईवे को भी जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया था और फिर कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया। जयपुर पुलिस ने पूरे मामले में तीन मुकदमे दर्ज किए हैं। एक मुकदमा मूर्ति तोड़ने का, दूसरा उपद्रव मचाकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का और तीसरा मुकदमा पेट्रोल पंप को आग लगाने की कोशिश करने से जुड़ा है। मूर्ति तोड़ने वाले को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सिद्धार्थ ने का राजा पार्क में कैफे था। लेकिन घाटे की वजह से वह परेशान था और तेजाजी के मंदिर में जाकर ईश्वर को कोसा और उसने गुस्से में आकर मूर्ति को तोड़ दी।

# ऐतिहासिक धरोहर को समर्पित ग्रैंड हेरिटेज चेज़-कार रैली का आयोजन

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से "द ग्रैंड हेरिटेज चेज़-कार रैली" का भव्य आयोजन किया गया। अमर जवान ज्योति से इस रोमांचक कार रैली का फ्लैग ऑफ पर्यटन विभाग के सचिव एवं आयुक्त रवि जैन ने किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष राजस्थान दिवस को बड़े स्तर पर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिससे लोक कला, संस्कृति और सामाजिक उत्थान को नई दिशा मिलेगी।

राजस्थान पर्यटन विभाग और इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, राजस्थान चैप्टर के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस अनूठी कार रैली में 30 से अधिक कारों ने हिस्सा लिया।

सभी प्रतिभागी जयपुर के ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए विभिन्न सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहेलियों को हल करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए उत्साहित नजर आए। इस रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हवा महल, आमेर किला, जंतर-मंतर सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों से जुड़े रोचक संकेतों और चुनौतियों को हल किया। इस आयोजन का समापन जयपुर के होटल फेयरमोंट में एक भव्य समारोह के साथ हुआ, जहां विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

आईसीसी राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष जयश्री पेडीवाल ने इस आयोजन को राजस्थान की धरोहर-आधारित आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यटन को नई दिशा देने के साथ-साथ प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सहायक होगी।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप से प्रस्तुत करने में सफल रहा है बल्कि स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा।

## सार-समाचार

### सस्ते दामों में खरीद कर महंगे दामों में शराब की सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने सांगानेर थाना इलाके में अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले एक तस्कर को पकड़ा है और उसके पास से 44 पेटी अवैध शराब (जिसमें 40 पेटी देशी शराब, 4 पेटी बीयर) सहित एक परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपी शराब तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवारिया ने बताया कि सीएसटी ने सांगानेर थाना इलाके में अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले अनिल सांसी (26) निवासी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 44 पेटी अवैध शराब (जिसमें 40 पेटी देशी शराब, 4 पेटी बीयर) सहित एक परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ मे सामने आया कि आरोपी अवैध शराब को सस्ते दामों में खरीद कर गोदाम में स्टॉक करता है और फिर स्टॉक से निकाल कर शराब को जयपुर शहर में महंगे दामों में सप्लाई करता है। आरोपित से अवैध शराब की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### हाईकोर्ट जज के रीडर के साथ मारपीट

**जयपुर।** श्याम नगर थाना थाना इलाके में हाईकोर्ट जज के रीडर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित के थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि मारपीट में पीड़ित रीडर के कान में दर्द होने पर उनका मेडिकल कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हेड कांस्टेबल सत्यनारायण ने बताया कि अजमेर रोड पर रहने वाले पीड़ित मानवेंद्र सिंह महिया ने मामला दर्ज करवाया कि वह हाईकोर्ट में जज का रीडर और वह सुबह घर से बाइक से निकला था। कमला नेहरू पुलिया से उतरने के दौरान उनके पास से एक कार निकली । कार ने उनकी बाइक को टक्कर मारने का प्रयास किया। इससे वह डिवाइडर से टकराते-टकराते बच गए। इस पर बाइक सवार दो युवक और दो युवती कार लेकर आगे बढ़ गए। पीड़ित ने बाइक चलाई और कार के पास लेकर गए तो कार सवार युवक ने दो बार बाइक को टक्कर मारने का प्रयास किया। फिर साइड दबा कर उसने जबरन बाइक रुकवाई। इसके बाद कार से दो युवक नीचे उतरे एक ने मुकेश का हाथ पकड़ा। दूसरे ने उसे दो थप्पड़ मार दिए। इस से मुकेश के कान में गहरी चोट लगी। कार सवार घटना के बाद मौके से भाग निकले।

### दो घरेलू नौकरानियों ने चुराए घर से नकदी-जेवर

**जयपुर।** रामनगरियान थाना इलाके में मकान मालिक ने अपनी घरेलू नौकरानियों पर चोरी का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसकी अनुपस्थिति में नौकरानियों ने जेवरात व नगदी पार कर लिए। पुलिस के अनुसार आशियाना दक्ष जगतपुरा निवासी मनीष अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया कि उसके घर पर अंजली व सुनीता काम करती है। 25 मार्च को परिवार की अनुपस्थिति में दोनों ने जेवरात व नगदी पार कर ली। घटना का पता पीड़ित को परिवार के साथ वापस लौटने पर लगा। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती ने इमोशनल ब्लैकमेल कर युवक से ऐंठे 39 हजार रुपये

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में स्नेपचेट से दोस्ती कर युवती ने इमोशनल ब्लैकमेल कर एक युवक से 39 हजार रुपए ऐंठ लिए। इसके बाद हनी ट्रेप में फंसाने की धमकी देकर पीड़ित युवक से ब्लैकमेलर युवती रुपयों की डिमांड करने लगी। पीड़ित युवक ने ब्लैकमेलर युवती के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। एसआई चमन लाल ने बताया कि कालवाड़ रोड झोटवाड़ा निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया कि कुछ समय पहले स्नेप चेट के जरिए उसकी मुलाकात एक युवती से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों में दोस्ती होने पर मोबाइल नंबर एक्सचेंज कर लिए। आरोप है कि कुछ समय अच्छे से बातचीत होती रही। उसके बाद अपनी मम्मी की मौत होना बताकर रुपयों की जरूरत बताई। इमोशनल ब्लैकमेल कर विश्वास में लेकर टुकड़ों में 39 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। रुपए वापस मांगने पर दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी। हनी ट्रेप में फंसाने की धमकी देकर और रुपए भेजने की डिमांड की। लगातार धमकी भरे कॉल आने से परेशान होकर पीड़ित युवक ने थाने में मामला दर्ज करवाया।

### दो शातिर मोबाइल स्नेचर पकड़े

**जयपुर।** शिप्रा पथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों के मोबाइल छीनने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है। जिसमें एक बाल अपचारी बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराया गया मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि शिप्रा पथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों के मोबाइल छीनने वाले श्याम वर्मा उर्फ कोली निवासी खोह नागोरियान हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही इस वारदात में शामिल एक बाल अपचारी को निरुद्ध भी किया है। जिनके पास से चुराया गए एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### महिला से पर्स छीना

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना इलाके में स्कूटी सवार बदमाश महिला से पर्स छीनकर ले गया। पर्स में नगदी और मोबाइल रखा था। पुलिस के अनुसार रतन नगर ढेहर के बालाजी निवासी खुशबू खोरानिया ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार से घर जा रही थी इसी दौरान भवानी नगर में पीछे से स्कूटी सवार एक बदमाश आया और उसके कंधे से पर्स सरका कर ले गया। पर्स में मोबाइल, दस्तावेज और नगदी रखी थी।

# पदोन्नति के लिये अनुभव में दो वर्ष की छूट के आदेश बिना शर्त जारी करने की मांग

**जयपुर।** विधानसभा में बजट प्रस्तुत करते समय वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा कर्मचारी कल्याण के अंतर्गत कार्मिकों को वर्ष 2025-26 में पदोन्नित हेतु अनुभव एवं सेवा अवधि में 2 वर्ष की छूट दिए जाने की घोषणा की थी लेकिन अभी तक उसके आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत एवं राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के एक संयुक्त शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव सुधांशु पंत एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा को इस बारे में ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ एवं राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक ने संयुक्त वक्तव्य में बताया कि अप्रैल माह आने को है एवं विभागों ने कार्मिकों की वरिष्ठता सूचियां जारी कर दी है अथवा जारी हो रही है। अप्रैल के प्रारंभ होते ही कार्मिक विभाग से पदोन्नित हेतु डीपीसी की अनुमति प्राप्त करने के लिए पत्रावलियां भेजी जाने लगेगी लेकिन पदोन्नति में की गई छूट की घोषणा के अनुरूप अभी तक आदेश नहीं होने से कार्मिकों की पदोन्नतियां प्रभावित होगी। प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि पदोन्नति हेतु अनुभव में छूट के आदेशों में पूर्व में छूट प्राप्त करने वाले कार्मिकों को छूट के प्रावधानों से वंचित किए जाने की शर्त भी हटाई जानी चाहिए क्योंकि इससे कैडर के शीर्ष पद रिक्त रहेंगे, जिसका नुकसान कनिष्ठतम कार्मिक की पदोन्नति पर भी पड़ेगा।

साथ ही कार्यालय का कार्य भी प्रभावित होगा और मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप हर वर्ष रिक्त होने वाले पदों पर नई भर्ती के लिए रिक्त पदों की वास्तविक संख्या प्राप्त नहीं हो पाएगी। इसी बजट घोषणा में मंत्रालयिक कैडर का रिव्यू कर पदोन्नित के अवसर बढ़ाये जाने की घोषणा भी गई है। यदि अनुभव में छूट सभी कार्मिकों को नहीं मिलेगी तो पदोन्नति के नवीन सृजित अथवा क्रमोन्नत पद रिक्त ही रहेंगे और कैडर रिव्यू का लाभ कार्मिकों को नहीं मिल पाएगा।

# घूमर महोत्सव में राजस्थानी गीतों पर झूमी महिलाएं

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश माली-सैनी महासभा (रजि.) की ओर से सोडाला स्थित हीरा वैली रिसोर्ट स्वेज फार्म न्यू सांगानेर रोड जयपुर में जयपुर शहर महिला विंग अध्यक्ष काजल सैनी के तत्वावधान में भव्य घूमर महोत्सव का आयोजन हुआ। इस रंगारंग कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष भाग लिया। इस पारंपरिक राजस्थानी लोकनृत्य व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माहौल को संगीतमय बना दिया।

- **डीजे म्यूजिक पर महिलाएं ताल से ताल मिलाती दिखी**
- **'बेस्ट कपल', 'बेस्ट मेल डांसर' और 'बेस्ट फीमेल डांसर' रहा विशेष आकर्षण**

जयपुर शहर महिला विंग अध्यक्ष काजल सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष आकर्षण 'बेस्ट कपल', 'बेस्ट मेल डांसर' और 'बेस्ट फीमेल डांसर' रहा। साथ ही विजेताओं को पुरस्कार वितरण सहित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समाज के प्रमुख पदाधिकारियों और सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति में यह आयोजन हुआ।



राजस्थान प्रदेश माली-सैनी महासभा की ओर से सोडाला में जयपुर शहर महिला विंग अध्यक्ष काजल सैनी के तत्वावधान में घूमर महोत्सव का आयोजन हुआ।


इस घूमर महोत्सव में दो दर्जन से अधिक महिलाएं घूमर डांस करती नजर आई। इसके साथ ही डीजे म्यूजिक पर भी महिलाएं ताल से ताल मिलाती हुई दिखी । भवानी शंकर माली ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाना और पारंपरिक लोक-संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। उपस्थित सभी अतिथियों और प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने का संकल्प लिया।

# केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने पकड़ा 31 किलो अवैध गांजा

**जयपुर।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) राजस्थान ने यपुर ग्रामीण जिले के कालाडेरा इलाकेमें कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए एक आरोपी तस्कर को पकडा है और उसके पास से 30.900 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भी जब्त किया है।

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल ने बताया कि मादक पदार्थ विरोधी अभियान जारी रखते हुए केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) जयपुर सेल के अधिकारियों ने जयपुर ग्रामीण जिले के कालाडेरा इलाके के जालसू पंचायत समिति के कच्चे रास्ते से एक व्यक्ति को पकड़ कर उसके पास से 30.900 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है।

टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गांव जालसू थाना कालाडेरा में तस्करी की गई गांजा की डिलीवरी लेने जा रहा है। इस सूचना पर सीबीएन जयपुर सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और आरोपित व्यक्ति तथा इस सौदे में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए भेजा गया। इसके बाद पंचायत समिति गांव जालसू के पास सुनसान कच्चे रास्ते पर एक व्यक्ति को प्लास्टिक की थैली के साथ पकड़ा गया और उसका दूसरा साथी भाग गया। वहीं आरोपित व्यक्ति ने अपने पास 30 भूरे रंग के टेप लगे पैकेटों में छिपाकर रखा गया। जिसे चेक करने पर 30.900 किलोग्राम अवैध गांजा मिली। टीम ने अवैध गांजा को एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत जब्त कर आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया।



# दुपहिया वाहन चुराने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है और गिरोह के तीन बदमाशों को धर-दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- **पुलिस ने आरोपियों के पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी जब्त किया है।**

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले गजेन्द्र जांगिड़ निवासी सांगानेर सहित उसके दो अन्य साथी हंसराज बैरवा और माधवेन्द्र सैन को भी पकड़ा है और दोनो ही आरोपी मालपुरा गेट जयपुर के रहने वाले है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



मालवीय नगर थाना पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया।

# अच्छे पत्रकार में लिखने और बोलने के अलावा सुनने का भी गुण होना चाहिए : दीपक चौरसिया

**जयपुर।** आर. ए. पोदार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट सभागार में रविवार को आयोजित होली का हुल्लास और मीडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह में प्रख्यात पत्रकार दीपक चौरसिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। परिवर्तन संस्थान और आर. ए. पोदार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, राजस्थान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मीडिया एवं जनसंपर्क से जुड़े रचनाकारों ने काव्य पाठ किया और उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता को सम्मानित किया गया।

प्रख्यात पत्रकार दीपक चौरसिया ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और उसकी नैतिकता पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिए केवल कंट्रोवर्सी ही रोजी-रोटी नहीं होती, बल्कि उन पर समाज को जागरूक करने और सच्चाई को सामने लाने की एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने वर्तमान समय में मीडिया के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीक के इस दौर में पत्रकारों को सच और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करना होगा।

- **'पत्रकारों को सच और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करना होगा'**

चौरसिया ने कार्यक्रम में मौजूद युवा पत्रकारों और मीडिया पेशेवरों को सलाह दी कि वे किसी एक क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर अपनी मंजिल पा सकते हैं। उन्होंने सभी काव्य पाठ करने वाले मीडिया और जनसंपर्क कर्मियों की सराहना की, जिन्होंने अपनी ओजस्वी लेखनी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप-प्रज्ज्वलन और परिवर्तन संस्थान के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र शर्मा द्वारा मां सरस्वती की वंदना से हुई। स्वागत भाषण आर. ए. पोदार इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. अनुराग शर्मा ने दिया। आयोजन टीम ने अतिथियों का स्वागत किया, जिसके बाद राज्य सरकार द्वारा युवा पुरस्कार से सम्मानित परिवर्तन संस्थान के फाउंडर डॉ. संजय मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। पत्रकारों, जनसंपर्क कर्मियों और मीडिया शिक्षकों ने काव्य पाठ के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेंद्र सोलंकी, रेणु जुनेजा, अमित बैजनाथ गर्ग, प्रीति सैनी, राशि शर्मा, आरजे रविन्द्र, दिनेश कुमावत, आशीष मिश्रा, गजाधर भरत, गीता यादव, लीजा चंदेल, मीडिया एवं संचार अधिकारी पत्र सूचना कार्यालय आशीष वर्मा आदि ने काव्य पाठ कर माहौल को खुशनुमा बना दिया।



आर. ए. पोदार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट सभागार में रविवार को आयोजित होली का हुल्लास और मीडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह में पत्रकारों का सम्मान किया गया।

**इन्हें मिला मीडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड** : सर्वश्रेष्ठ मीडिया पैनलिस्ट श्याम सुंदर शर्मा को, डिजिटल मीडिया अचीवर अंकित तिवारी को, सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टर (प्रिंट) अवधेश अकोदिया को, सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टर (टीवी) ऐश्वर्य प्रधान को, सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टर (रेडियो) जितेंद्र द्विवेदी, सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टर (डिजिटल) दिव्य गौड़, न्यूज़ प्रोडक्शन मुरारीलाल गुप्ता, यंग अचीवर (प्रिंट) अजय भारद्वाज, सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट पीआर अभिषेक गौड़, सर्वश्रेष्ठ फोटो जर्नलिस्ट भगीरथ बसनेट को मीडिया एक्सीलेंस अवार्ड दिये गये।

# शादी के एक साल बाद ही विवाहिता ने फंदे से लटककर जान दी

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में हॉस्टल में रह रही एक विवाहिता ने फंदे से लटककर जान दे दी। जानकारी में सामने आया है कि महिला की एक साल पहले ही शादी हुई थी और उसके भाई का आरोप है कि पति फोन कर महिला को लगातार टॉर्चर कर रहा था।

पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थानाधिकारी ममता मीना ने बताया कि कोटपूतली बहरोड़ के बालनूर की रहने वाली ज्योति यादव (23) ने फंदे से लटककर जान दे दी। फरवरी-2024 में ज्योति की शादी पावटा प्रयागपुरा निवासी जितेन्द्र यादव से हुई थी। जितेन्द्र बैंक में फाइनेंस सेक्टर में नौकरी करता है। पिछले करीब सात महीने से ज्योति यादव बजाज नगर के हिम्मत नगर स्थित पीजी हॉस्टल में रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रही थी।

ज्योति ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रूममेट के आने पर ज्योति के आत्महत्या पता चला। हॉस्टल में मौजूद साथियों की मदद से उसे फंदे से उतारकर तुरंत जयपुरिया हॉस्पिटल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने जांच कर ज्योति को डेड घोषित कर दिया।

- **मृतका के भाई का आरोप है कि पति फोन कर महिला को लगातार टॉर्चर कर रहा था**
- **पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

मेडिकल सूचना पर पुलिस जयपुरिया हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखवाया। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक ज्योति के भाई राजू यादव ने थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है।

राजू का आरोप है कि शादी के बाद ही पति व सास-ससुर छोटी-छोटी बातों पर ताना मारने लगे।

दहेज में कुछ नहीं लाने की कहकर उसे टॉर्चर किया जाने लगा। शारीरिक और मानसिक रूप से ज्योति को परेशान किया जाता था। कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयार के लिए जयपुर में हॉस्टल में रहने लगी।

जयपुर में रहने के दौरान 8-10 दिन में अपने ससुराल जाती थी। ससुराल जाने पर उसे टॉर्चर करना बंद नहीं होता था। करीब 2 महीने पहले ज्योति से मारपीट भी की गई थी। समझाइश करने जाने पर ससुरालवालों ने अपनी गलती स्वीकार भी की थी। पिछले दो-तीन दिन से लगातार पति जितेन्द्र कॉल कर ज्योति को धमका रहा था। वापस लौटने को लेकर कॉल कर टॉर्चर कर रहा था।

रूम मेट के सामने ज्योति व उसके पति जितेन्द्र की मोबाइल पर अनबन हुई थी। रूम मेट के कोचिंग पर जाने के बाद ज्योति ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।




## A Reminder to Secure Your Data


Every year on March 31, World Backup Day serves as a crucial reminder to protect valuable digital data. In an era where cyber threats, accidental deletions, and hardware failures are common, having a backup is essential. Individuals and businesses alike are encouraged to create copies of important files and store them securely, whether on external drives or cloud services. Regular backups ensure data recovery in case of emergencies, preventing significant losses. This day highlights the importance of being proactive in safeguarding personal and professional information, reinforcing the mantra, "Don't be an April Fool, back up your data today!"



#TECHNOLOGY

# When Technology Starts to Feel Like Magic

What is Vibe Coding and why is everyone catching the trend?







Imagine stepping into a world where technology doesn't just function, it feels. What if the apps you use everyday could sense your mood, adapt to your energy, and respond with exactly what you need? That's the magic of vibe coding, a fresh and exciting approach to programming, that's turning heads across tech and creative industries.




## More Than Just Code, It's an Experience

You may have noticed that apps and websites are becoming more intuitive, almost like they get you. Ever opened a music app and felt like it was reading your emotions? Or scrolled through a website that felt strangely soothing or exhilarating? That's vibe coding in action. Developers are no longer just writing logic-driven code, they're crafting experiences that connect with people on an emotional level.

## How Does Vibe Coding Work?


It's a blend of AI, design, and psychology. Think about an app that changes its colours based on your mood, or a smart home that adjusts the lighting to match your vibe. This isn't futuristic fantasy, it's happening right now. AI-driven personalization is evolving fast, making digital interactions more immersive and human-like.

## Why is Everyone Talking About It?

We're in an era where personalization is everything. No one wants a one-size-fits-all experience anymore. People want tech that adapts, reacts, and evolves with them. Social media is buzzing with developers and designers experimenting with emotionally driven code. From responsive games that shift based on player moods to websites that subtly change design elements to match user engagement, vibe coding is reshaping digital experiences.

## The Future is Feeling-Driven

Imagine a digital assistant that recognizes when you're stressed and suggests calming activities. Or a fitness app that tailors your workout playlist based on your energy levels. Even smart homes could adjust temperature, lighting, and sound to create the perfect ambiance for your mood. With vibe coding, the possibilities are endless. As technology advances, it's no longer just about making things work, it's about making them feel right. And in a world that increasingly craves connection, who wouldn't want tech that truly vibes with them?





Gradually, without even realising, Namrata was spending more than one-third of her salary on Mini. Mini often asked for small amounts of money and Namrata would allow her to take the money out of her purse. Since she did not have an actual count, she never knew how much was taken out. In the initial days, the money was returned promptly, but as time passed, some of the money was never returned.

# Mislaid Trust, Cash And Jewellery





Dr. Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Storyteller*

#'FRIENDS'





Namrata Narain, an IT consultant, lost her parents in a motor vehicle accident in Bengaluru in her early thirties. The life that followed was not bad. She had an adequate income and could afford to live in a good flat in posh area with her cat. After long hours at work, they would sit in front of the large TV and binge watch. She loved her glass of red wine and her purring cat on her lap. It was a good way of living. Namrata did go out once in a while to office parties or other gatherings but it felt just an extension of the atmosphere at the office.

After a few years, this kind of life became monotonous and she felt the need of companionship. Fortunately, Samir was at the office and she got along very well. They even went out to the pub or dinner at a good restaurant once in a while. The relationship ripened and they started living together. It felt good. It was romantic and they had the means and freedom to do whatever they wished. Their social life expanded to going out to watch plays and musical performances. The short holidays to exotic locations were great fun. But then, good things come to an end. Samir was behaving erratically lately. Namrata soon found out that Samir had found interest in Simran. He was having a fling. So, the relationship floundered and broke.

"I am sick of you! How could you do this to me? You could have just told me and we could have parted as friends!" said Namrata as she threw him out of the flat.

So, the cat and she were again back to their solitary life. The bruises and scars of the unsatisfactory relationship were gradually healing when Namrata got a call from Accenture in Gurgaon. They had heard of her good work.

"We have seen your good work. Why don't you join us as a director?" said the honcho.

This was *manna* from heaven. Bengaluru had started getting on her nerves and moving to Gurgaon was a heaven-sent opportunity. She would later realise that pollution and erratic traffic were some of the shortcomings. She needed the change and soon found herself ensconced in a good flat in the Golf link area. The people and place were different. The people were friendlier and she soon jelled with Mini in the adjacent flat.

It all started when she saw Mini carrying an exercise mat in the lift.

"Where are you going with that mat?" Namrata asked.

"Why don't you join me?" Mini replied. "I am going to the morning Yoga session in the front lawns."

It seemed a good idea, and soon, both of them were close as two peas in a pod. From sitting in front of the TV with popcorn on lazy evenings to going out to all sorts of activity, be it carnivals or food fests, they would be together.

About six months passed when there was a shrill call of the doorbell of Namrata's flat one late night. She was surprised to see a distraught Mini standing in front of the door.

"What is it Mini, so late in the night? Is all well?"

Mini collapsed on the sofa. Her hair was ruffled and the face tear streaked. It was evident that she had gone through a tough time and was at her wits' end. Namrata brought her a glass of water and waited to hear the problem.

"Namrata, I don't know what to do!" Mini exclaimed.

"My parents live in a small village in Haryana by themselves. Like you, I am the only child. At most times, things are manageable on my Dad's pension. He was a school teacher. I send money from time to time to add to their comfort. I just got a call from them. It seems that they had been hiding the fact that they were spending much more than what they could afford. They had taken a loan from the local moneylender at an exorbitant interest. Now, the money is due and the moneylender is threatening to harm them. I need about one lakh rupees instantly. I do not have ready cash. It will need a few days to cash some investment to get the money. I can think of no person other than you to help me."

Mini knew that Namrata had sold her old car and she had the money in cash at home. Namrata could not bear the dismay of her friend.

"Don't worry ,yaar! You are lucky I have that money at home. I will give it to you just now. You can……"

Before she could complete her sentence, Mini jumped out of the chair and hugged her warmly. "Don't worry, I will return the money to you within a week."

Mini returned the money in three days. The relationship became even closer. They became inseparable. They would go out together all the time. Since Namrata was better off, she was often paying the bills despite Mini's gradually diminishing protests. After all, what did it matter, thought Namrata. She had the money to spare. The friendship began to extend to wearing each other's clothes and jewellery. They were having holidays and outings together. Gradually, without even realising, Namrata was spending more than one-third of her salary on Mini. Mini often asked for small amounts of money and Namrata would allow her to take the money out of her purse. Since she did not have an actual count, she never knew how much was taken out. In the initial days, the money was returned promptly, but as time passed, some of the money was never returned.

Life was good. Namrata had found a good friend and companion. Even the cat liked Mini. People found them inseparable and commented on it.

One day, Mini traipsed into the flat. She showed Namrata an app on the mobile. Meeting strangers, finding friends or partners, not online but through face-to-face socialising, is becoming a popular way to find new companions in India's metros. It's a step away from the digital world. Over the past three years, groups such as Xcited, MitraMesh, Let's Socialise, The Yukai, Oopar Club, Thrifty Social, and Meet By Fate have been helping people connect and form new bonds in Delhi, Bangalore, Mumbai, Pune, Hyderabad, among other cities. "Why don't we do this? Maybe, we will find more joy in life and also meet interesting people."

"I am game," said Namrata.

The next weekend, they turned up in a group which was fond of walking tours and treks. Just about a dozen people! After a quick introduction, they went exploring the temples of Old Gurgaon. The group soon broke up into bundles of four to five people together. As Namrata and Mini were 'oohing and aahing' about the New ISKON temple, a young man joined them. He soon started chatting with Namrata and pointed how most of the white marble figures had been carved in Jaipur. He was not intrusive, and soon, they were all chatting about so many things while sharing *kachori* and *Chai*. Shyam was a bank employee and recently shifted from Mirzapur in Uttar Pradesh. When the day ended, they parted, agreeing that the day had been fun and could be repeated soon. As the weeks passed, Shyam became an integral part of Namrata and Mini's group. They were soon meeting in the evenings over dinner. Shyam turned out to be quite helpful. Namrata was soon utilising his services for small jobs related to her bank. She found it very inconvenient to take breaks during her work schedule. Since she preferred to have some hard copies of her documents and investments, she would often request Shyam to help. Shyam was ever obliging.

Mini and Namrata had become so close that they would not only share clothes but also accessories. They both loved dolling up when going out. Namrata had some really exquisite jewellery, which her mother had gifted. Once in a while, she would take them out.

One morning, Namrata realised that one of her fixed deposits of about 50 lakhs was going to be due on the same day. She was fully booked at work and could not possibly go to the bank. So, she requested Shyam to do the encashing for her. In her hurry, she signed the recipient's signature but forgot to give the deposit instructions.

Mini came that evening saying that she had to go to a posh wedding and she wanted to show off some jewellery. Could she borrow the antique necklace for the evening? She had done that before too in her company. Namrata said a 'yes' after a small hesitation.

Next morning, Namrata rushed off to work as usual. In the afternoon, she noticed that the bank had not notified her about her fixed deposit. She called the bank. The deposit had been encashed in the name of Shyam as per her instructions. That sounded suspicious.

She was wondering what to do. She called Mini in hope that they could go to Shyam's bank to accost him. Unusually, Mini did not answer her phone. It was then she remembered that the necklace had not been returned either. She rushed back to her building and enquired about Mini.

The caretaker said, "She vacated the flat this morning. She seemed to be in a great hurry."

Namrata did not see either of them ever again! Was it a planned con game?

rajeshsharma1049@gmail.com

#VOCABULARY

# Overwhelmed by Cuteness? There's a Word for That!

How can something overwhelmingly adorable make you feel like you want to squeeze or even bite it?



Have you ever looked at a baby panda rolling around or a puppy tilting its head and felt an intense urge to squeeze something? Maybe, your heart melts at the sight of chubby baby cheeks, and you feel like exclaiming, "I can't handle this level of cuteness!" If so, don't worry, you're not alone. And more importantly, there's a word for that feeling, cute aggression.

### What Exactly is Cute Aggression?

**It** might sound like a contradiction, how can something overwhelmingly adorable make you feel like you want to squeeze or even bite it? But psychologists say that this reaction is completely natural. Cute aggression, also known as dimorphous expression, is when positive emotions become so intense that your brain tries to balance them out with an opposite reaction, like aggression. Think about it: Have you ever been so happy that you cried? Or laughed so hard that it almost hurt? These seemingly opposite reactions help regulate our emotional responses. Cute aggression works the same way. Your brain perceives an overload of cuteness, and to keep you from being completely overwhelmed, it triggers a minor aggressive response to balance things out.

### Why Do We Experience Cute Aggression?

**Scientists** believe that cute aggression serves an evolutionary purpose. When we see something adorable, like a baby or a helpless little animal, our brains flood with dopamine, the feel-good chemical that makes us want to nurture and protect them. But if that rush of emotion becomes too intense, our brain counters it with a burst of aggression, helping us regain control of our feelings. In a 2015 study by psychologists at Yale University, researchers found that people who exhibited stronger cute aggression tendencies were also more likely to feel protective and caring towards the object of their affection. So, if you've ever had the urge to pinch a baby's cheeks or squeeze a fluffy kitten, it's just your brain's way of saying, "This is too much cuteness to handle. I need to calm down!"

### The Science of Cuteness Overload

**Our** reaction to cuteness isn't just an emotional quirk, it's deeply ingrained in our biology. The human brain is wired to respond to 'cute' features: big eyes, round faces, small noses, and soft features. This is known as baby schema, a concept first introduced by Austrian ethologist Konrad Lorenz. The idea is that humans are programmed to find certain traits irresistible because they trigger nurturing instincts.

Interestingly, this reaction isn't just limited to babies. Think about cartoon characters like Pikachu, the Minions, or even baby Yoda (Grogu), all designed with oversized eyes and round features to trigger the same response. Marketers, advertisers, and even social media influencers tap into the power of cuteness to grab attention and elicit strong emotional engagement.

### Cute Aggression in Pop Culture

**Cute** aggression isn't just a scientific phenomenon, it's become a cultural trend. The internet is overflowing with videos of baby animals, toddlers giggling uncontrollably, and people freaking out over tiny, fluffy creatures. Social media has amplified our obsession with cuteness, with hashtags like #toocute and #squeezethis trending across platforms.

Even memes reflect this universal experience. Ever seen an image of an adorable dog with a caption like, "I want to squish its little face!" or "This is so cute I can't stand it!"? That's cute aggression in action! Pop culture continues to embrace and even exaggerate this emotional response, making it a shared, relatable experience across different cultures and age groups.



### Should You Be Concerned About Cute Aggression?

**Before** you worry that your urge to squeeze something adorable makes you a secret villain, rest assured that cute aggression is completely harmless. The key is that it remains an emotional expression, not an actual act of harm. Most people don't actually follow through on their aggressive instincts, instead, they simply express it through words or exaggerated reactions.

In fact, some experts suggest that cute aggression can be beneficial. By helping regulate intense emotions, it prevents us from becoming overwhelmed. It's also linked to higher empathy levels, suggesting that people who experience cute aggression are more emotionally attuned to others.

### Embrace the Cuteness!

**So,** the next time you find yourself overwhelmed by cuteness, whether it's a puppy, a giggling baby, or an impossibly adorable video, know that your brain is simply doing its job. Instead of questioning why you feel the urge to squeeze, just smile, enjoy the moment, and maybe, let out a happy little squeal. After all, in a world full of stress and seriousness, isn't it wonderful to have moments of uncontainable joy? Cute aggression reminds us that sometimes, things are just too cute to handle, and that's perfectly okay.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# नवसंवत्सर पर बजरंग दल ने निकाला शौर्य संचलन

## यात्रा का मार्ग गुलकंदी स्कूल से शुरू होकर ओसवाल नाका चुंगी, फव्वारा चौक और पावर हाउस से होते हुए संचलन कोर्ट सर्किल, कचहरी रोड,

**गंगापुर सिटी।** रविवार को बजरंग दल की ओर से आयोजित शौर्य संचलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम दोपहर में गुलकंदी देवी आदर्श विद्या मंदिर परिसर से शुरू हुआ। कार्यकर्ता शाम साढे 4 बजे निर्धारित गणवेश में घोष के साथ निकले।

यात्रा का मार्ग गुलकंदी स्कूल से शुरू होकर ओसवाल नाका चुंगी, फव्वारा चौक और पावर हाउस से होते

- पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

हुए संचलन कोर्ट सर्किल, कचहरी रोड, कोतवाली और देवी स्टोर चौराहे से चौपड बाजार, घास मंडी और पटवा बाजार होते हुए बद्रीनाथ मंदिर तक पहुंचा। यहां से यात्रा बैंक ऑफ बडौदा के सामने से खारी बाजार और देवी स्टोर चौराहे से व्यापार मंडल के रास्ते पुरानी अनाज मंडी तक गई।



गंगापुर सिटी में नवसंवतसर पर बजरंगदल का शौर्य संचलन निकलते हुए।

कार्यक्रम का समापन सीतारामजी मंदिर पर हुआ। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के क्षेत्रीय और प्रांत पदाधिकारियों सहित सैकडों कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन में भाग लिया।

## पेयजल सप्लाई व्यवस्था का लिया जायजा

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर आज अलसुबह उपखंड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ शांतिकुंज व काला कुआँ क्षेत्रा में पेयजल सप्लाई व्यवस्था का फील्ड निरीक्षण किया।

उपखंड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर ने निरीक्षण के दौरान घरों में जाकर पेयजल सप्लाई व्यवस्था के बारे में लोगो से भी फीडबैक लिया।उन्होंने आमजन द्वारा अवगत कराये गए बिन्दुओ को समयबद्ध सुचारु करने तथा सप्लाई में गन्दा पानी न आये इसके लिए प्रभावी फील्ड मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई रखने, पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जलदाय विभाग के अधिकारी व कार्मिक पेयजल सप्लाई के समय नियमित तौर पर फील्ड निरीक्षण एवं जनसुनवाई करें। निरीक्षण के दौरान जलदाय विभाग के एक्सईएन संजय सिंह, कनिष्ठ अभियंता पवन जांगिड़ सहित संबंधित अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

# महर्षि गौतम ऋषि के जयकारों से गूंजी छोटी काशी

- भव्य विमान में ठाठ बाठ से सवार होकर शहर में निकले महर्षि गौतम
- खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता हुए पुरस्कृत

**बूंदी** (निसं)। न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम जयंती पर रविवार को गुर्जर गौड गौतम समाज की और से गौतम भवन बालचंद पाडा से शहर मे महर्षि गौतम भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा उपरला बाजार होते हुये कागदी देवरा स्थित सत्यनारायण भवन पुहंची जहां महर्षि गौतम की पूजा अर्चना हुई इसके बाद शुरू हुई शोभायात्रा कागदी देवरा चोमुखा बाजार सब्जी मंडी, केएनसिंह चैराहा, लंका गेट होती हुई चित्तौड़ रोड स्थित महर्षि गौतम शिक्षण संस्थान एवं छात्रावास पर पहुंची।

शोभायात्रा में गौतम समाज बंधुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। एक विमान में महर्षि भगवान को समाज बंधु कंधे पर लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में पुरुष सफेद कुर्ता पजामा व महिलाएं लाल चुंदडी की साडी पहनकर शामिल हुई। महिलाएं गीत गाती हुई चल रही थी, युवा भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा मे मशक कच्छी घोडी नृत्य विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। इस दौरान नाहर का चोहटटा मे गौतम मित्र मंडल संचय समिति, कामल्या व्यास परिवार व सर्व ब्राह्मण महासभा की और से सब्जीमंडी चैराहे व शहर में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व रविवार सुबह महर्षि गौतम के सम्मुख हवन किया गया उसके बाद दोपहर को सप्ताह भर आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पारितोषिक वितरण हुआ। शोभायात्रा का समापन पर महाआरती के साथ हुआ।

इस मौके पर भामाशाहों का सम्मान किया गया। शोभायात्रा मे बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, अरबन कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन सत्येश शर्मा, जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा, नगर अध्यक्ष नवल किशोर गौतम फोलाई वाले, जयंती संयोजक मुकेश भारद्वाज, जयंती प्रभारी अनिल शर्मा, महिला प्रभारी प्रियंका शर्मा, गिरधर गोपाल शर्मा, संजय शर्मा, राजेश शर्मा, राम अवतार नतालिया पंकज गौतम, मनोज गौतम, उदय प्रकाश शर्मा, शिव शंकर शर्मा, राजेंद्र पंचोली, मुकेश शर्मा, विनोद शर्मा, सुनील गौतम बॉबी, चंदन शर्मा, राजीव लोचन गौतम, महिला जिलाध्यक्ष ममता शर्मा, महिला प्रभारी प्रियंका शर्मा आदि मौजूद रहे।

फागोत्सव का हुआ आयोजन

गौतम जयंती की पूर्व संध्या पर गौतम छात्रावास मे सांस्कृतिक कार्यक्रम फागोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, वशिष्ठ अतिथि अरबन कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन सत्येश शर्मा रहे अध्यक्षता ब्राह्मण नेता संजय शर्मा ने की। महिला प्रभारी प्रियंका शर्मा, जिला अध्यक्ष ममता शर्मा ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल ने बृज होली की थीम पर भजनों की धुन पर फूलो की होली भी खेली।

## भामाशाह द्वारा मंदिर श्री गोपीनाथ जी में लिफ्ट भेंट

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के नगर आराध्या मंदिर श्री गोपीनाथ में नवनिर्मित लिफ्ट को श्री कृष्णा अर्पण किया गया ।इस कार्यक्रम मंदिर में डॉक्टर मनोहर शरण द्वारा किया गया समाजसेवी आरसी गुप्ता एवं श्रीमती करुणा गुप्ता ने मंदिर में एक लिफ्ट मंदिर लिफ्ट लगवाई है। कार्यक्रम में डॉक्टर मनोहर शरण द्वारा वेदांत की व्याख्या करते हुए करता भाव से रहने तथा दान की महिमा पर विस्तृत व्याख्यान दिया। पहले सभी वस्तुओं ने हरी नाम संकीर्तन किया कार्यक्रम में पुरुषोत्तम गुप्ता खंडेला धाम अध्यक्ष, श्रीमाधोपुर खंडेलवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर खुटेटा, नरेंद्र कूलवाल ,भरत चेजारा ,शिंभु चौधरी,मुरारी पारीक परमानंद सोनी, देव न्यारिया ,श्याम नारनोली, राजू पंसारी, केदार नाई, पवन नांगलका, समाजसेवी रीछपाल खर्रा, मुरारी लाल पारीक, रामकरण आचार्य ,मोती दयाल रविंद्र कानूनगो ,बृजमोहन खेरवाल, मधुसूदन दयाल, हरि शरण पटवारी, सत्यनारायण खांडल आदि उपस्थित थे।

# 'चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है नव वर्ष इस का प्रारंभ'

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर आने जाने वाले सभी नागरिकों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा करा कर नव संवत्सर की शुभकामनाएं दी


**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी अलवर शहर द्वारा भगत सिंह चौराहे पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर नव संवत्सर 2082 हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर आने जाने वाले सभी नागरिकों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा करा कर नव संवत्सर की शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि नव संवत्सर हिन्दुओ का नव वर्ष है इसका प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ब्रह्मा जी ने आज ही के दिन से सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी आज ही के दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था इस तिथि को अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग नाम से भी जाना जाता है जैसे पंजाब में बैसाखी, असम में बिहू, महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, सिंध में चेटीचंड आदि इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महामंत्री गोवर्धन सिसोदिया, जिला मंत्री ऋषिराज शर्मा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता,प्रवक्ता एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, जितेंद्र गोयल, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौर,जितेंद्र सैनी, महेश निहलवानी, सतीश यादव, राजेंद्र सिंह शेखावत, सुमन चौधरी, संध्या मीना,महेश मीणा मनोज चौहान,रवि यादव, राजेंद्र सैनी,तरुण जैन,सीताराम किराड, पंडित दीपक शर्मा, सुनील चौधरी,महेंद्र यादव,अंजू शर्मा, सुनीता सैनी रश्मि वशिष्ठ, लखन जोशी, दीनदयाल नायक, रवि राज चौहान, ब्रह्मानंद गुप्ता, देशबंधु शर्मा,विजय सिंह राजपूत, कमलकांत जांगिड़,ओम प्रकाश शर्मा, रामानुज शर्मा, बलवीर चौधरी, यशोधन पाराशर, श्याम यादव,कपिल जैन, बिहार कोली, अशोक खन्ना, सुधा शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मंदिर कमेटी की नई कार्यकारिणी का किया गठन

**पावटा।** कस्बा स्थित प्राचीन किला हनुमान जी मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। इसमें मंदिर कमेटी की वर्ष 2025-26 के लिए नवयुवकों को मेला कमेटी से जोड़ते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में मंदिर महंत अनिल शर्मा, श्याम सुन्दर गुरुजी, रघुवीर वर्मा, मोहन लाल सैनी की अनुमति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए भीम सिंह जाट को नवनियुक्त अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वही नवनियुक्त अध्यक्ष भीम सिंह जाट द्वारा अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर योगेश सैनी, सचिव पद पर नवीन आर्य, कोषाध्यक्ष पद पर रामनिवास यादव, प्रचार मंत्री दिनेश वर्मा, संगठन मंत्री संजय कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया। वही गठित नई कार्यकारिणी द्वारा हर वर्ष की तरह हनुमान जयंती पर हनुमान जी का जागरण, भव्य झांकी, शोभायात्रा, कुश्ती सहित विभिन्न कार्यक्रमों को सुचारु रूप से जारी रखते हुए अनुशासन स्वरूप व्यवस्था करने का संकल्प लिया गया।

# सोने के आभूषण सहित आरोपी गिरफ्तार, बालक को किया निरूद्ध

**कोटा,** (निसं)। चेचट पुलिस टीम ने जेवरात चोरी के प्रकरण में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी सहित एक नाबालिग बालक को निरूद्ध किया है। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि चेचट थाना इलाके में जेवरात चोरी का मामला सामने आने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक रामगंजमंडी घनश्याम मीणा के सुपरविजन में चेचट थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित की गई। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि चेचट थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये संदिग्धों से पूछताछ की मुखबीर से मिली सूचना व टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए जेवरात चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए हाथियाखेड़ी निवासी विजय सिंह (22) को गिरफ्तार किया साथ ही टीम ने मामले में एक बालक को निरूद्ध किया। कोटा ग्रामीण एसपी



जेवरात चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्त में लिया।

ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों के पास से पुलिस टीम ने एक सोने की राखड़ी (टीका) बरामद किया है। आरोपी से अनुसंधान जारी है।

- चेचट पुलिस टीम ने जेवरात चोरी के प्रकरण में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी सहित एक नाबालिग बालक को निरूद्ध किया है

**यह था मामला:-** कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि 27 मार्च को फरियादी रघुनंदन सिंह ने चेचट थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसके गांव का विजय सिंह और एक बालक बक्से में रखे जेवरातों में से एक सोने की राखड़ी (टीका) चोरी कर ले गये। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी विजय सिंह को गिरफ्तार किया और बालक को निरूद्ध कर उनके कब्जे से चोरी किये गये माल को भी बरामद किया।

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ का आयोजन हुआ

**भीलवाड़ा।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में रन फॉर फिट राजस्थान दौड का आयोजन मोदी ठााउंड पर किया गया। अधिक जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र भीलवाड़ा द्वारा आयोजित इस दौड़ को भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने हरी झंडी दिखाकर एवं स्वयं दौड़कर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में कई खेलों के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं खेल संघों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमावत ने किया। इस अवसर पर जिला रोल बॉल संघ के सचिव हिम्मत सिंह कानावत, जिला फुटबाल संघ के सचिव कैलाश खटीक, चेतन शर्मा, कुलदीप शर्मा, राजेंद्र काबरा, रघुवीर कुमावत, कुश्ती प्रशिक्षक जगदीश जाट, करण पुरी, करण गुर्जर, मुकेश जाट, हैंडबॉल प्रशिक्षक लोकेश भट्ट, फुटबॉल प्रशिक्षक मिथिलेश मारू, खो खो प्रशिक्षक केसर सिंह, टेबल टेनिस प्रशिक्षक गोपाल माली, हॉकी प्रशिक्षक पूरण राव, नेटबॉल प्रशिक्षक अर्जुन सिंह, जिमनास्टिक प्रशिक्षक कृष्णकांत टांक, मांगीलाल जाट इत्यादि उपस्थित थे

# रिफाइनरी क्षेत्र में तेंदुए की चहल कदमी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

**बालोतरा,** (निसं)। जिले के सबसे बडे प्रोजेक्ट राजस्थान रिफाइनरी क्षेत्र में तेंदुए की चहल कदमी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी को ध्यान में रखते हुए रविवार को उपखंड अधिकारी अशोक कुमार ने रिफाइनरी में तेंदुए को पकडने एवं निगरानी को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- रविवार को उपखंड अधिकारी अशोक कुमार ने रिफाइनरी में तेंदुए को पकडने एवं निगरानी को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा तेंदुए को पकडने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। रिफाइनरी क्षेत्र में तेंदुए पर निगरानी बनाए रखने के लिए ट्रैकिंग कैमरों को लगाया गया है। साथ ही वन विभाग की टीमें लगातार पकडने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम द्वारा फुटमार्क के आधार पर लगातार पकडने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि तेंदुए को लेकर किसी को भी पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है, जिला प्रशासन सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि रिफाइनरी में कार्यरत कार्मिक सावधानी बरते। उन्होंने आसपास रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने एवं अनावश्यक कार्य से घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की। उपखंड अधिकारी ने बताया कि टीम द्वारा टीम ट्राइक्यूलाईज करने का प्रयास कर रही है। उसे पकडने के लिए एक पिंजरे भी लगाए गए हैं लेकिन बडा क्षेत्र होने तथा झाडयों व पाईप लाईन का जाल होने के कारण तेंदुए को छिपने की जगह मिल रही है। इसी कारण टीम को उसे काबू में करने में दिक्कतें पेश आ रही है। हमारी टीम द्वारा तेंदुए को शीघ्र पकडने के सभी प्रयास किए जा रहे है, हमें जल्द ही सफलता मिलेगी।

## नीरज सैन को किया राजस्थान श्री अवार्ड से सम्मानित

**पावटा।** राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच द्वारा राजस्थान स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान स्थापना दिवस भव्य रूप से भारत सरकार पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ . सी पी जोशी के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। जहां राजस्थानी भाषा, सामाजिक व्यवस्थाओं में सहयोग के प्रति कृर्तज्ञता प्रकट करते हुए विकास के साथ राष्ट्रीय चरित्र रचना में आदर्श मूल्यों, उल्लेखनीय सेवा कार्य, निष्ठा उपलब्धियों पर प्रतिभा नीरज सैन संयोजक संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति पावटा का क्षेत्र के विशेष कार्य पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा तथा गरीब एवं जरुरतमंद लोगों की सेवा कार्यो को लेकर राजस्थान श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री बृजकिशोर शर्मा ने अपने आशीर्वचनों से प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर बधाई दी। विशिष्ट अतिथि वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद पंडित रामकृष्ण शर्मा ने भी प्रतिभाओं को आशीर्वाद प्रदान किया। सैन के सम्मानित होने पर संकल्प हरियाली सदस्य पंकज जिन्दल, गो सेवा संयोजक सुभाष यादव, निलेश चौधरी ने बताया कि समिति ने नीरज सैन के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण, गो सेवा, गरीब जरुरतमंदों की सेवा के साथ- साथ रक्तदान शिविर, कोरोना काल में पीडित परिवारों की सहायता करने जैसे बहुत से कार्य किये है।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने तिलक लगा दी शुभकामनाएं



नवसंवत्सर पर कार्यक्रम में शामिल विधानसभा अध्यक्ष देवनानी तथा संगठनों के पदाधिकारी।

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को शहर के विभिन्न चौराहों पर शहरवासियों एवं कार्यकर्ताओं को तिलक लगाकर नववर्ष विक्रम संवत 2082 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर आमजन से प्रदेश की समृद्धि और विकास में योगदान देने का आ ान किया। विधानसभा अध्यक्ष ने स्वास्थ्य कर्मियों एवं सफाई कर्मियों की सेवाओं का आभार व्यक्त किया और उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 को राजस्थान दिवस के साथ जोडक़र मनाने के निर्णय ने इस अवसर के महत्व को और अधिक बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के इस ऐतिहासिक निर्णय की प्रदेशभर में सराहना हो रही है। इस शुभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों एवं शहरवासियों से अपील की कि वे 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अपना योगदान दें। साथ ही अजमेर को सुंदर स्वच्छ एवं श्रेष्ठ शहर बनाने में सहभागी बने।

# अजमेर थियेटर फेस्टिवल के अंतिम दिन दुलारी बाई का मंचन

## सुदेश व्यास निर्देशित दुलारी बाई का मंचन देखने लोग उमड़े

- दुलारी बाई को मिला वरदान ही बन गया अभिशाप
- ईश्वर ने जीतना दिया उतने में ही खुश रहने का संदेश दे गया नाटक
- 12 कलाकारों ने सशक्त अभिनय की अमिट छाप छोड़ी दर्शको ताली बजाने को किया मजबूर

**अजमेर।** अजमेर थियेटर फेस्टिवल के अंतिम दिन सतगुरू इंटरनेशनल के सभागार में अपना थियेटर, आधुनिक नाट्यकला संस्थान, आप-हम संस्था, कलाअंकुर, इंडियन लेडिज क्लब, न्यू आदर्श शिक्षा समिति, द टर्निंग पॉईट स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सतगुरू इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से चार दिवसीय अजमेर थियेटर फेस्टिवल के चौथे दिन बीकानेर की संस्था अनुराग कला केन्द्र द्वारा मणि मधुकर लिखित व सुदेश व्यास द्वारा निर्देशित नाटक दुलारी बाई का सफलत मंचन किया गया।

दुलारी बाई लोक रंगों और परिवेश से जुड़ी एक लोककथा है जिसके माध्यम से हास्य के साथ ईश्वर ने जीतना दिया उतने में ही खुश रहने का संदेश दिया गया एक कंजूस औरत दुलारी बाई को जब वरदान मिल जाता है वह जिस चीज को छूएगी बस सोना बन जाएगा इससे वह पहले तो खुश होती है लेकिन बाद में यही वरदान अभिशाप बन जाता है नाटक दुजारी भाई की कहानी एक कंजूस औरत की है जो चमड़ी जाए पर दमड़ी ना जाए पर ही विश्वास करती है उसके पास पैसा है लेकिन आज भी वह बाप दादाओं के जमाने से चली आ रही चप्पल ही पहनती है संवादों के साथ कहानी आगे बढ़ती है और दुलारी भाई ईश्वर से कहती है कि वह चीज जिस चीज को छुए हुए सोना बन जाए ईश्वर से दुलारी बाई को यह वरदान मिल जाता है लेकिन यह वरदान उसके लिए अभिशाप बन जाता है क्योंकि वह जो चीज होती है वह सोने की बन जाती है यहां तक की उसका पति सोने का हो जाता है जब वह खाने को छूती है तो खाना भी सोना बन जाता है दुलारी इतना परेशान हो जाती है कि ईश्वर को याद करती है माफी मांगते हुए अपना वरदान वापस लेने को कहती है। नाटक में गांव के पटेल जी गंगाराम जाट फर्जी लाल चिन्ना गडरिया जैसे चरित्र हंसी की स्थितियां उत्पन्न करते हैं,

नाटक में दुलारी भाई (प्रियंका आर्य), कल्लू भांड (के.के.रंगा), पटेल जी (सुनील जोशी), गंगाराम (सुरेन्द्र स्वामी) फर्जीलाल और कटोरीमल (अशोक व्यास), चिमना मांझी (मुकेश सेवग), ननकु (विकास शर्मा), ईश्वर (राहुल चावला), पंडित (सौरभ आचार्य) कोरस बंटी हर्ष का रहा। संगीत राजेन्द्र झुंझ व प्रेम सागर का रहा।

नाटक के प्रारंभ में समारोह से जुड़े सहयोगियों का सम्मान किया गया, व नाटक के अंत में सभी कलाकारों का सम्मान व नाट्यय निर्देशक को स्मृति व शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजा डी थारानी, सुनील दत्त जैन, कंवल प्रकाश किशनानी, डॉ. हरबस दुआ, गिरधर तेजवानी, एस.पी.मित्तल, सुरेन्द्र चतुर्वेदी, सोमरत्न आर्य, रमेश अठावाल, वरिष्ठ रंगकर्मी लाखन सिंह, यॉबी जॉर्ज, निरंजन कुमार, राजेन्द्र सिंह, स्निग्धा, उज्जवल मित्रा, विष्णु अवतार भार्गव, नरेन्द्र भारद्वाज, विकल्प सिंह, हरीश बेरी,दीलिप पारीक, होशिका, संदीप काव्यांश, अंकित, नितेश, अरविंद, रतन, अंशुल, शैलूष, मुकेश, सतीश कुमार, जुम्मा खान, तरूण, मोहित, शब्बीर, तरूण कुमार, गिरराज, गोपाल बंजारा, कृष्ण गोपाल पाराशर, मृदुल भारद्वाज, सुचिर भारद्वाज, प्रीति तोषनीवाल, रास बिहारी गौड़, अनंत भटनागर, पवित्र कोठारी, श्रीमती श्वेता आनंद, हमेन्त भाटी, अनिल जैन, प्रहलाद पारीक, प्रशान्त अठावाल, पुष्पा लोढ़ा, डॉ. लाल थदानी, नरेश अगवानी, मेघा, पद्मा, विमलेश, भामिनी, आदि समाजसेवी व प्रबुद्धजन उपस्थित थे। संस्था के यॉबी जॉर्ज ने बताया अजमेर थियेटर फेस्टिवल में उपस्थित दर्शकों अभिवादन किया और समारोह की सफल बनाने के लिए सभी आभार व्यक्त किया।

# राज्यपाल बागडे ने रणकपुर मंदिर को निहारा

## पुलिस के जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**पाली,** (नि.सं.)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे पाली जिले के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को पाली जिले के रणकपुर जैन तीर्थ पहुंचे जहां उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर भगवान के दर्शन किये और पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर राज्यपाल बागडे ने वहां के मन्दिर के शिल्प और स्थापत्य कला को निहारते हुए जैन मंदिर के मुख्य पुजारी से मंदिर निर्माण एवं विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस मंदिर को बेजोड़ शिल्पकारी का अद्भुत नमूना बताते हुए कहा कि सेठ धना शाह द्वारा निर्मित यह 1444 स्तम्भों से निर्मित मंदिर भव्य एवं विशाल आलौकिक तथा शांति प्रदान करने वाला है।

दर्शन पश्चात राज्यपाल बागडे का सेलों ठुप के प्रदीप राठौड़ ट्रस्ट कमेटी के प्रतिनिधि रमेश रांका, हितेंद्र खींचा द्वारा माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पुलिस के जवानों द्वारा बैंड पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम बाद उदयपुर के लिए प्रस्थान किया।



राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे पाली जिले के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को पाली जिले के रणकपुर जैन तीर्थ पहुंच भगवान के दर्शन किये और पूजा अर्चना की।

■ राज्यपाल का पुलिस के जवानों द्वारा बैंड पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम बाद राज्यपाल उदयपुर के लिए प्रस्थान कर गये

इस अवसर पर बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, जिला कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, एडीएम बाली शैलेन्द्र सिंह, उपखंड अधिकारी बाली दिनेश विश्नोई सहित ट्रस्ट कमेटी मेंबर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## देशी-विदेशी पर्यटकों का किया भव्य स्वागत

**भरतपुर।** राजस्थान स्थापना दिवस साप्ताहिक समारोह की श्रृंखला में रविवार को जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान फेस्टिवल का आयोजन भरतपुर में किया गया।

संयुक्त निदेशक पर्यटन विभाग संजय जौहरी ने बताया कि रविवार को कच्छी घोडी लोक नृत्य, कालबेलिया नृत्य एवं राजस्थान नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। लोक कलाकारों एवं शहनाई वादन से केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के प्रवेश द्वार पर देशी एवं विदेशी पर्यटकों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया इसके बाद राजकीय संठाहालय पर भावभीना स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि स्कूली विद्यार्थियों को केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान एवं राजकीय संठाहालय का निःशुल्क भ्रमण करवाया गया। इस दौरान पर्यटन, वन, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे।

# सीएम-को धमकी देने के मामले में जेलकर्मी समेत 5 गिरफ्तार

■ धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक जेलकर्मी समेत 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में दो बंदी है, जो बीकानेर जेल में बंद है

**बीकानेर।** सीएम भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक जेलकर्मी समेत 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में दो बंदी है, जो बीकानेर जेल में बंद है।

एसपी कावेंद्र सागर ने बताया कि जेलकर्मी जगदीश प्रसाद, बंदी आदिल, मकसूद को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से गिरफ्तार किया है। वहीं अशरफ शाह, रफीम को जामसर से पकड़ा है। पुलिस के अनुसार आदिल के खिलाफ पूर्व में मारपीट, हत्या का प्रयास, एनडीपीएस के 6 मामले दर्ज है। वहीं मकसूद शाह के खिलाफ भी एनडीपीएस,आर्म्स एक्ट समेत 5 मामले दर्ज है। रफीक के नाम से सिम लेकर अशरफ ने ये सिम जेलकर्मी जगदीश प्रसाद के सहयोग से आदिल तक पहुंचाई थी।

बता दें शुक्रवार सुबह बीकानेर जेल से कंट्रोल रूम में फोन कर सीएम को मारने की धमकी दी गई थी। जिसके बाद पुलिस टीमों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लोकेशन निकाली और जेल पहुंची थी। जहां पर तलाशी ली गई थी। तलाशी के दौरान वार्ड नं. 10 की बैरक संख्या-39 में विचाराधीन बंदी आदिल के पास से एक मोबाइल जब्त किया गया था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। सीएम को धमकी मामले में एडीजी रुपिंदर सिंह शुक्रवार शाम को बीकानेर जेल पहुंचे। जांच के बाद उन्होंने उप कारापाल जयसिंह, मुख्य प्रहरी विजय पाल, प्रहरी जगदीश प्रसाद और अनिल मीणा को निलंबित कर दिया। इस मामले में एक अन्य पुलिसकर्मी की भी भूमिका संदिग्ध मिली है। उसी ने मोबाइल और सिम कार्ड आदिल को उपलब्ध कराए थे।

## दीया कुमारी दो को गंगापुर सिटी में

**गंगापुर सिटी।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी 2 अप्रैल को पहली बार गंगापुर सिटी का दौरा करेंगी। वे सुबह 11 बजे शहर पहुंचेंगी। सबसे पहले आकाश कोचिंग का उद्घाटन करेंगी। इस दौरे की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एडीएम, एसडीएम, नगर परिषद सभापति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री पर्ल होटल में विभिन्न विभागों के शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। इसके बाद जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगी। कार्यकर्ता राज्य और केंद्र सरकार के बजट पर आभार व्यक्त करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष के अनुसार, सभी विभागों को अपनी उपलब्धियों और प्रमुख योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग अपनी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाएंगे। उपमुख्यमंत्री के पास पर्यटन और कार्मिक विभाग का प्रभार है।

# भरतपुर में भव्य गणगौर महोत्सव मनाया

**भरतपुर।** भरतपुर जिला अग्रवाल महिला महासभा द्वारा प्रेम गार्डन में जिले की अग्रवाल महिलाओं के लिए एक भव्य और रंगारंग गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को सहेजते हुए महिलाओं को एक शानदार मंच प्रदान करना था, जहाँ सभी महिलाओं ने आनंद और उल्लास के साथ इस उत्सव को सामाजिक रूप से एक साथ मनाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वंदना गर्ग (सूर्या सिटी) द्वारा की गई, वहीं कार्यक्रम में सुनीता अग्रवाल (हरि इंडस्ट्रीज) एवं नीतू अग्रवाल (ब्रज हनी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। संरक्षक के रूप में रजनी अग्रवाल, प्रभा गुप्ता एवं सरोज गर्ग उपस्थिति रही। इसके अलावा, विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजू मित्तल, जया सिंघल, नीतू सिंघल, श्रुति जिंदल, लक्ष्मी बिंदल एवं कल्पना बिंदल ने कार्यक्रम में मौजूद रही। गणगौर उत्सव को और अधिक मनोरंजक और आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ एवं गतिविधियाँ आयोजित की गईं। गणगौर क्वीन प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पारंपरिक परिधान और साज-सज्जा के आधार पर ऋषिका अग्रवाल को गणगौर क्वीन का खिताब दिया गया, जबकि रूचि गर्ग एवं रिमझिम को रनर अप घोषित किया गया।ईशर-गौरा सजावट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुनीता सिंघल, द्वितीय स्थान पर रचना अठावाल एवं तृतीय स्थान पर रीता गोयनका रहीं।



भरतपुर में महिलाओं ने गणगौर महोत्सव उत्साह से मनाया।

बेस्ट ईशर-गौरा की जोड़ी प्रतियोगिता में प्रीति गर्ग एवं सपना सिंघल प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि द्वितीय स्थान प्रीति बंसल एवं भूमि गर्ग ने प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में एकल नृत्य के विजेता निशा सिंघल, नेहा अठावाल एवं अमिता गुप्ता रहीं। वहीं, युगल नृत्य में वर्षा सिंघल एवं सीमा गर्ग की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष युगल प्रस्तुति के लिए आशा अग्रवाल, सृष्टि अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल एवं जया गुप्ता की शानदार परफॉर्मेंस को सराहा गया। द्वितीय स्थान पर शिल्पी मित्तल एवं प्रियांशी मित्तल, जबकि तृतीय स्थान पर रूचि गर्ग एवं नायरा मित्तल रहीं। लकी ड्रा प्रतियोगिता में 21 विजेताओं को फिलिप्स लाइट की ओर से उपहार प्रदान किए गए, जिनका वितरण पूनम अग्रवाल एवं उपानसा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका नगर महिला अध्यक्ष प्रीति गर्ग एवं डीग महिला अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल ने निभाई। महिला जिलाध्यक्ष शालिनी मित्तल ने बताया कि अग्रवाल महिला महासभा समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है, जिससे महिलाओं की भागीदारी एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिले। महासभा की महामंत्री श्रीमती सपना डिगिया ने सभी आगंतुक अतिथियों को साफा, माला, दुपट्टा व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही जिले की विभिन्न इकाइयों से आई महिला पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कोषाध्यक्ष सीमा मित्तल ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। नारी शक्ति एवं समर्पण का प्रतीक गणगौर उत्सव राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जो नारी शक्ति, समर्पण एवं अखंड सौभाग्य को दर्शाता है। इस भव्य आयोजन में जिले की विभिन्न इकाइयों के अध्यक्षों एवं सदस्यों - अंजना बंसल, पारूल अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, पारूल गोयल, शशिवाला जी, पुष्पा अठावाल, प्रीति कंसल, मीनू गोयल, बबीता बिंदल, सुषमा गोयल, मीरा गर्ग, सीमा अग्रवाल, स्वाती आर्य, सपना बंसल, शशि गर्ग, सपना कोठारी, मंजू आर्य, अलका गर्ग एवं गरिमा मित्तल - ने कार्यक्रम की सफलता में अपना योगदान दिया। संचालन पारुल अग्रवाल ने किया।

## ट्रक-ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में 2 की मौत

■ महिला सहित 3 लोग घायल, गेहूं की बोरियां लेकर जा रहे थे घर

**डूंगरपुर।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 48 पर शिशोद के पास एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि 1 महिला सहित 3 घायल हो गए। ये सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार थे और गेहूं की बोरियां लेकर घर की ओर जा रहे थे।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि गेहूं की बोरियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली शीशोद से भुवाली की तरफ जा रही थी। उसी समय रात के समय पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रॉली को टक्कर मारी। जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार 1 महिला सहित 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर आस पास के लोग दौडक़र पहुंचे।

सूचना मिलने पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लहूलुहान घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने जांच के बाद 2 को मृत घोषित कर दिया, जबकि महिला सहित 3 घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। शव की पहचान रमेश पुत्र शंकर डामोर और कमलेश पुत्र कांति डामोर निवासी भुवाली माताजी फला के रूप में की गई। वहीं घायलों की पहचान मुकेश पुत्र रमेश डामोर, रंजना पत्नी मुकेश डामोर ओर राहुल पुत्र रमेश डामोर के रूप में की गई है। दोनों के शव को अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाए है। जहां परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जाएगी।

## बीएनवाईएस के प्रथम वर्ष के तीन छात्रों को नकल करते पकड़ा

**उदयपुर,** । मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में शनिवार को हुई यूनिवर्सिटी की परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले ही लीक हुआ है। बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज (बीएनवाईएस) के प्रथम वर्ष के तीन छात्रो को नकल करते पकडा गया तो पेपर लीक का खुलासा हुआ। अंबामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी के अनुसार पेपर लीक के संबंध में आयुर्वेद कॉलेज के प्रोफेसर और केन्द्राधीक्षक प्रो.अवधेश कुमार भट्ट ने बीएनवाईएस प्रथम वर्ष के छात्र उदित यादव,रूद्राक्ष चौबीसा,आमीर खान और इनके सीनियर बीएनवाईएस द्वितीय वर्ष के छात्र राहुल सेवदा के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। कॉलेज के प्रोफेसर और केन्द्राधीक्षक प्रो.अवधेश कुमार भट्ट ने रिपोर्ट में बताया कि शनिवार को उदयपुर के मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद कॉलेज में डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विवि, जोधपुर की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज (बीएनवाईएस) प्रथम वर्ष की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा के दौरान तीन छात्र उदित यादव, रुद्राक्ष चौबीसा और आमीर खान नकल करते पकडे गए। छात्र उदित यादव ने पूछताछ में कबूला कि उसे पेपर सुबह परीक्षा से पूर्व ही प्राप्त हो गया था। उसने पेपर सॉल्व करने के लिए सिनीयर स्टूडेंट राहुल सेवदा को फॉरवर्ड कर दिया था। राहुल सेवदा ने पेपर सॉल्व कर 6 पर्ची बना दी। छात्रों ने यह पर्चियां कॉलेज की टॉयलेट में छुपा दी। तीनों छात्र इन्हीं पर्चियों से नकल करते पकडे गए। प्राथमिक जांच में उक्त पेपर आउट होना पाया गया।

## ट्रेन हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर,** मजदूरी करने जाते समय रेल्वे ट्रक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई।

जीएनआरपी डूंगरपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर में असारवा डू आगरा जाने वाली ट्रेन की चपेट में आने से राजेश कुमार मीणा (30)पुत्र कालूराम मीणा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। राजेश अहमदाबाद में मजदूरी करता था एवं रविवार सवेरे घर से अहमदाबाद जाने के लिए रवाना हुआ था। जहां पर ऋषभदेव रेल्वे स्टेशन से पहले वह ट्रेक पार कर रहा था। इस दौरान अचानक असारवा ठू आगरा जाने वाली ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे की सूचना मिलने पर जीआरपी डीएनआरपी से हेडकांस्टेबल सुरेश वर्मा ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# चैत्र नवरात्र हुए प्रारम्भ, घर-घर हुई घट स्थापना

**गंगापुर सिटी।** रविवार को शुभ मुहूर्त में चैत्र नवरात्र प्रारम्भ हुए। इस वर्ष एक तिथि कम होने से नवरात्र 8 दिनों का रहेगा। नवरात्र के अवसर पर सभी मंदिरों में सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गईं। मंदिरों में साफ-सफाई की गई। भगवान को नई पोशाक पहनाकर श्रृंगार किया गया। प्रमुख मंदिरों में चक्रपाणि माता मंदिर और मां कैलादेवी मंदिर शामिल हैं। सीतारामजी मंदिर और श्रीकल्याणजी मंदिर में भी विशेष तैयारियां की गईं।

■ नवरात्र के अवसर पर सभी मंदिरों में भगवान को नई पोशाक पहनाकर श्रृंगार किया गया



गंगापुर सिटी में घट स्थापना करते भक्त।

मनोरथ सिद्ध हनुमानजी मंदिर, बंदरिया का बालाजी और उघाड मल बालाजी में भी भक्तों की भीड उमडी। आगामी दिनों में मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे। श्रद्धालु दुर्गा सप्तसती का पाठ करेंगे। रामायण और सुंदरकांड का पाठ भी होगा। 5 अप्रैल को दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी। 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व होगा। मंदिरों के साथ घरों में भी लोगों ने घट स्थापना की। भक्तों में नवरात्र को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## देशी-विदेशी पर्यटकों का किया स्वागत

■ रविवार को जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान फेस्टिवल का आयोजन भरतपुर में किया गया

**भरतपुर।** राजस्थान स्थापना दिवस साप्ताहिक समारोह की श्रृंखला में रविवार को जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान फेस्टिवल का आयोजन भरतपुर में किया गया।

संयुक्त निदेशक पर्यटन विभाग संजय जौहरी ने बताया कि रविवार को कच्छी घोडी लोक नृत्य, कालबेलिया नृत्य एवं राजस्थान नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। लोक कलाकारों एवं शहनाई वादन से केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के प्रवेश द्वार पर देशी एवं विदेशी पर्यटकों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया इसके बाद राजकीय संठाहालय पर भावभीना स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि स्कूली विद्यार्थियों को केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान एवं राजकीय संठाहालय का निःशुल्क भ्रमण करवाया गया। इस दौरान पर्यटन, वन, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे।

# कैलादेवी मेले में घट स्थापना पर दिखा कुंभ का सा दृश्य

**करौली।** आस्थाधाम कैलादेवी में चल रहे नवरात्र मेले के दौरान घट स्थापना नव संवत्सर पर कुंभ जैसा दृ'य देखने को मिला जहां दिन भर में करीब 5 लाख से अधिक भक्तों ने माता रानी के दर्शन लाभ लिए।

उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ तीर्थ स्थल कैलादेवी में लघु कुंभ के रूप में चल रहा लक्खी जात चैत्र नवरात्र मेला पूरे परवान पर है रविवार को अवकाश होने के साथ राजस्थान दिवस और नव संवत्सर प्रतिपदा पर घटस्थापना को देखते हुए लाखों कि संख्या में श्रद्धालु अपनी मनौती लेकर कैलादेवी पहुंचे देर रात्रि से ही भक्त काली सि नदी पर पहुंच गए जहां उन्होंने नदी में डुबकी लगाकर मंदिर की ओर बडे रात 3:00 बजे से मंदिर कि रेलिंग फुल हो गई और मुख्य बाजार में लाखों की संख्या में भक्त मातारानी के दर्शनों के इंतजार में खड़े रहे करौली के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, कैलादेवी पुलिस उपाधीक्षक मीना मीणा सहित कई जिलों से लगाए गए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपअधीक्षकों ने उमड़ती हुई भीड के काफिले को संभाला बड़ी धर्मशाला से मंदिर मार्ग में पडने वाले पुराने थाने से लेकर मंदिर के मुख्य द्वार तक करीब आधा दर्जन स्थानों पर बैरिकेट्स लगाकर धीरे-धीरे भक्तों को रैलिंगों तक पहुँचाया वहीं दोपहर 3:00 बजे तक पूरे मंदिर प्रांगण में माता रानी कि जय जयकार होती रही पुलिस अधिकारी और जवानों सहित स्काउट गाइड के विद्यार्थियों और मंदिर ट्रस्ट के वॉलिंटियरों ने भीड को नियंत्रित करते हुए रेलिंग में मंदिर ट्रस्ट की ओर से उपलब्ध करवाई गई पानी कि बोतलों को वितरित किया प्रातः के समय राज्याचार्य प्रकाश चंद जती ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कैलामाता मंदिर में घट स्थापना कराई नव संवत्सर पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए राजस्थान रोडवेज की 300 से अधिक संचालित बसों ने यात्रियों को हिंडौन,गंगापुर रेलवे स्टेशन के अलावा धौलपुर,आगरा तक सुरक्षित पहुंचाया वहीं दोपहर के समय करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना अपने पूरे परिवार के साथ राजराजे'वरी कैलामाता के मंदिर में पहुंचे जहां उनका मंदिर ट्रस्ट के मुख्य परिचालन अधिकारी प्रदीप त्रिवेदी, कंट्रोल रूम प्रभारी एडवोकेट संतोष सिंह सहित अन्य लोगों ने स्वागत सम्मान करते हुए माता रानी कि चुनरी प्रसाद भेंट किया भारी भीड़ से मुख्य मार्ग भी अवस्थित हो गया और भोग प्रसाद और खेल खिलौने कि दुकान संचालकों को अपनी अपनी दुकाने बंद करनी पड़ी दोपहर बाद भीड़ कम होने पर लोगों ने अपनी अपनी दुकान खोलकर सामान कि बिक्री कि घटस्थापना के अवसर पर आई भीड़ के कारण कार पार्किंग का स्थान कम पड़ गया और लोगों को कैलादेवी बाईपास कि सड़क पर अपने वाहन खड़े करने पड़े जिसके चलते मार्ग में बार-बार जाम कि सी स्थिति उत्पन्न होती रही।



कैलादेवी मे चल रहे मेले के दौरान घट स्थापना पर दर्शनों के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़

■ रविवार को अवकाश होने के साथ राजस्थान दिवस और नव संवत्सर प्रतिपदा पर घटस्थापना को देखते हुए लाखों कि संख्या में श्रद्धालु अपनी मनौती लेकर कैलादेवी पहुंचे

## 30 किलो गांजा सहित एक गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने शनिवार को कार्यवाही करते हुए 30 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह कार्यवाही उप-नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। उप-नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांव जालसू थाना कालाडेरा में तस्करी की गई अवैध मादक पदार्थ गांजे की डिलीवरी लेने जा रहा है। उक्त सूचना पर सीबीएन जयपुर सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके पर भेजा गया। उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि गठित टीम ने कच्चे रास्ते पर कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को प्लास्टिक की थैली के साथ पकड़ा और मौके से एक अन्य भागने में सफल हो गया। उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम ने पकड़े गये व्यक्ति के पास मौजूद थैली की तलाशी ली तो 30 भूरे रंग के टेप लगे पैकेटो में छिपाकर रखा गया।

## एलन कोटा में जेईई व नीट के बैच 2 अप्रैल से

■ 2 अप्रैल तक एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप का महा अवसर

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा में आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए 2 अप्रैल से बैच शुरू हो रहे हैं। बैच की तिथियों की घोषणा होने के साथ ही बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आने लगे हैं। इसी उत्साह को देखते हुए स्टूडेंट्स की सुविधा और प्रोत्साहन के लिए एलन करियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में 2 अप्रैल तक एडमिशन का महा अवसर शुरू किया गया है। इसके तहत स्टूडेंट्स एलन कोटा में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। इस स्कॉलरशिप का लाभ एलन स्कॉलरशिप-एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) में शामिल होकर प्राप्त किया जा सकता है। महा अवसर पर के तहत एलन कोटा सेंटर पर 2 अप्रैल तक रोजाना 1 से 3 बजे तक ए-सेट आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आ रहे हैं। इसके साथ ही नेशनल लेवल पर भी ए-सेट की तिथियां जारी कर दी गई है। 30 मार्च और 6 और 13 अप्रैल को देशभर में एलन के केन्द्रों पर नेशनल एसेट का आयोजन किया जा रहा है, एलन में प्रवेश के इच्छुक स्टूडेंट्स इसमें शामिल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में हुई जेईई, नीट और ओलम्पियाड परीक्षाओं में एलन के बेहतर परिणाम रहे हैं। आईआईटी और एम्स में प्रवेश लेने वाला तथा इंटरनेशनल ओलम्पियाड में हर चौथा विद्यार्थी एलन से है। इसके साथ ही देश के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीट्स पर 10 हजार से अधिक एलन स्टूडेंट्स को प्रवेश मिला है। ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है। यह पेपर साइंटिफिक, एकेडमिक व साइकोलॉजिकल असेसमेंट के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें बेस सब्जेक्ट व आईक्यू के प्रश्न होते हैं। पेपर के सांइटिफिक असेसमेंट के आधार पर स्टूडेंट को एलन द्वारा स्कॉलरशिप ऑफर की जाती है। अधिक जानकारी एलन वेबसाइट से ली जा सकती है।

## वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** । शहरके प्रतापनगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित खेमराज कुम्हार पुत्र पेमा निवासी बोरी बम्बोरा कुराबड़ ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मैने अपनी स्कूटी बेडवास स्थित भेरूजी बावजी के सामने खड़ी की थी। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेशगोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधक्षक छगर पुरोहित के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह जैन के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए राजकुमार पुत्र बालूराम निवासी ब्राम्हणों की बावड़ी गुडली डबोक तथा रमेश पुत्र कन्हैयालाल निवासी बस स्टेण्ड के पास गुडली डबोक को गिरफ्तार किया।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव पर निकला संघ का विशाल पथ संचलन



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से जयपुर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। संचलन में करीब 5,000 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध तरीके से कदमताल करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे।

■ समाज के सज्जन शक्ति को साथ लेकर संघ की प्रत्येक शाखा सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बनें : निम्बाराम

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर महानगर के ऋषि गालव भाग की ओर से वर्ष प्रतिपदा उत्सव एवं विशाल पथ संचलन के अवसर पर क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि स्वयंसेवक प्रतिदिन शाखा में संस्कार सिखाते हुए अथवा उनका पुनर्स्मरण करते हुए, अपने दैनंदिन जीवन में उनका प्रकटीकरण करते हैं। वे मन, वचन और कर्म से राष्ट्र-देव की आराधना करते हुए, नित्य बोले जाने वाली प्रार्थना के अनुरूप एक संकल्प, एक दृष्टि और एक विचार के साथ एकात्म होकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर साधनारत रहते हैं। आज देशभर में 83,000 नियमित शाखाएँ संचालित हो रही हैं, जहाँ प्रतिदिन 8 लाख से अधिक स्वयंसेवक भारत माता की जयघोष के साथ नित्य प्रार्थना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज हमारा नव संवत्सर का दिन है। एक समय था जब भारतीय नव वर्ष की चर्चा या जानकारी बहुत सीमित थी, लेकिन आज की स्थिति देखकर खुशी होती है। यह परिवर्तन हमारे सतत प्रयासों का परिणाम है। आज समाज उत्साह और उल्लास के साथ नव वर्ष मना रहा है। अपने उत्सवों में महापुरुषों को जोड़ते हुए, तिलक और ध्वज लगाते हुए, मांगलिक प्रतीकों का उपयोग करते हुए तथा पावन नवरात्र के प्रारंभ के साथ, चारों ओर नव वर्ष का जयगान गूंज रहा है।

आज राजस्थान का स्थापना दिवस भी है। विद्वानों के अनुसार, राजस्थान स्थापना दिवस की घोषणा सरदार पटेल ने चैत शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2006 के दिन की थी। राजस्थान के विकास के लिए सामंजस्य, सौहार्द और समरसता के साथ आगे बढ़ना होगा। इस गौरव और गर्व को बनाए रखने के लिए शासन और समाज, दोनों को मिलकर निरंतर प्रयास करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि सभा में पारित संकल्प प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए मार्गदर्शक है। इसे समझकर और उसके अनुरूप योगदान देना आवश्यक है। शताब्दी वर्ष में अपनी शाखा को सर्वस्पर्शी एवं सर्वग्राही बनाने के प्रयासों को और अधिक बढ़ाना होगा। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन की प्रक्रिया हमें स्वयं से प्रारंभ करनी होगी और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। मातृशक्ति को संघ कार्यों से जोड़ते हुए, शताब्दी वर्ष के लक्ष्यों को पूर्ण करने का संकल्प लेना है। समाज के प्रबुद्ध एवं सज्जन शक्तियों को साथ लेकर, समाज निर्माण के अंतर्गत होने वाले सभी सकारात्मक कार्यों में सहयोग प्रदान करते हुए आगे बढ़ना होगा।

संचलन में करीब 5,000 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध तरीके से कदमताल करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगद्गुरु आश्रम, जयपुर के महंत स्वामी अक्षयानंद थे। इस अवसर पर राजस्थान क्षेत्र के संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल और ऋषि गालव भाग संघचालक अशोक जैन भी मंचासीन थे। कार्यक्रम के आरंभ में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित प्रस्ताव बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता के साथ खड़े रहने का वाचन हुआ।

अपने उद्बोधन में महंत स्वामी अक्षयानन्द, जगद्गुरु आश्रम ने कहा कि संघ के संस्थापक डॉ हेगवार दूरदर्शी थे, उन्होंने भविष्य को ध्यान में रखकर संगठन का निर्माण किया।

स्वयंसेवकों के पथ संचलन के दौरान विभिन्न मोहल्ला विकास समितियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शहर के प्रमुख स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया गया। जयपुर की सड़कों पर यह अद्भुत दृश्य था, जब हजारों स्वयंसेवक एक साथ कदम से कदम मिलाकर देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित कर रहे थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाए जाने वाले छह प्रमुख उत्सवों में से एक, वर्ष प्रतिपदा का विशेष महत्व है। इस दिन को हिंदू नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर अनुशासनबद्ध तरीके से पथ संचलन निकाला गया। इस पथ संचलन में हजारों स्वयंसेवक अनुशासित रूप से शामिल हुए और अपने प्रदर्शन के माध्यम से एकता एवं अखंडता का संदेश दिया।

संघ के स्वयंसेवकों ने घोष वादन के माध्यम से अनुशासन और कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। विभिन्न वाद्य यंत्रों, जैसे आनक (साइड ड्रम), त्रिभुज (ट्रायंगल), वंशी (बांसुरी), शंख (बिगुल) और प्रणव (बॉस ड्रम) के समन्वित वादन ने एक अनुपम संगीत प्रस्तुति दी। घोष की लयबद्ध ध्वनि के साथ स्वयंसेवक अनुशासनबद्ध रूप से कदमताल करते हुए आगे बढ़े। इस दौरान "किरण," "उदय," "श्रीराम" और "सोनभद्र" जैसी प्रसिद्ध घोष रचनाओं का वादन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायक बन गया।

जयपुर में आयोजित इस भव्य पथ संचलन का मार्ग पूर्व निर्धारित था। संचलन महाराजा कॉलेज से प्रारंभ होकर अजमेरी गेट, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, बड़ी चौपड़, सांगानेरी गेट और मोती डूंगरी रोड से गुजरते हुए रामनिवास बाग पहुंचा, फिर पुनः महाराजा कॉलेज पर समाप्त हुआ। पथ संचलन के दौरान हजारों की संख्या में शहरवासी सड़कों के दोनों ओर खड़े होकर स्वयंसेवकों का उत्साहपूर्वक अभिवादन कर रहे थे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मुख्यमंत्री निवास में विधिवत् पूजा-अर्चना कर घट स्थापना की तथा राज राजेश्वरी मंदिर में सपरिवार माँ दुर्गा की आराधना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के नवाचारों को देते हैं बढ़ावा : मदन राठौड़



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस से रूबरू हुए।

■ समृद्ध राजस्थान, सशक्त राजस्थान और विकसित राजस्थान बनाने के लिए भजन और मदन की जोड़ी कर रही है ऐतिहासिक कार्य : जोगाराम पटेल

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम मन की बात को सुना और उनके नवाचार को देशभर में बढ़ाने का आव्हान किया। मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने हर कार्यक्रम में देश में हो रहे नवाचार को बढ़ावा देते है। पीएम मोदी ने पुराने कपड़ों का बेहतर उपयोग करने के साथ स्वस्थ रहने के लिए योगा को अपने जीवन में उतारने की अपील देशवासियों से की। मोदी ने फूलों से बिस्कुट बनाकर उसे बाजार उपलब्ध कराने के नवाचार, तालाब बनाकर जल संरक्षण की दिशा में संदेश देना और हमारे पारंपरिक सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा देने की अपील इस कार्यक्रम में की। पीएम मोदी ने अलग-अलग भाषाओं में विक्रम संवत 2082 प्रतिपदा की शुभकामनाएं दी और खुशहाल और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की अपील भी की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विक्रम संवत 2082 की प्रतिपदा को ही राजस्थान दिवस मनाए जाने की ऐतिहासिक घोषणा की है। आज के ही दिन सरदार पटेल ने बुद्धिबल, बाहुबल और कुटनीति से राजस्थान का एकीकरण करने के बाद एक राजस्थान की स्थापना की थी। यह संयोग ही है कि आज एक बार फिर राजस्थान दिवस के दिन विक्रम संवत की प्रतिपदा का योग बना और इस पर भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस विषय की गंभीरता को समझते हुए राजस्थान दिवस मनाने की घोषणा की। ऐसे में सीएम शर्मा का कोटि-कोटि आभार और धन्यवाद। पत्रकारों के सवाल के जवाब में राठौड़ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत अब विपक्ष में है और लोकतंत्र में विपक्ष को अपनी बात कहने का पूर्ण अधिकार है। गहलोत ने अपने कार्यकाल में भी किसानों के हितों का ध्यान नहीं दिया, बल्कि अब गहलोत छिद्रावेषण का कार्य कर रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने नववर्ष की शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का आभार जताते हुए कहा कि राजस्थान में भजन और मदन की जोड़ी ऐतिहासिक कार्य कर रही है। इस जोड़ी के नेतृत्व में राजस्थान सशक्त, समृद्ध और विकसित प्रदेश बनेगा और इस अमृतकाल में देशभर में नंबर वन राज्य बनेगा।


**नाम परिवर्तन**

I bamlesh Kaur W/O service no 4465822X Ex NK late Narinder Singh S/O tej Singh R/O plot no 15 Laxmi colony badharna road jodla power harmada Jaipur that have changed my name from BAMLESH KAUR (DOB 5/4/1967)is wrong entered in ser record TO VIMLESHKANVAR RATHOD (DOB 01 /01 /1968) vide affidavit dated 29 march 2025 before district notary Jaipur

मैंने मेरा नाम नवीन मीणा से बदलकर नवीन राज मीणा रख लिया है भविष्य में मुझे नवीन राज मीणा पुत्र श्री दिनेश कुमार मीणा निवासी गुणावता पोस्ट लबाना तहसील आमेर जयपुर के नाम से जाना व पहचाना जावे।




चैत्र नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना पर आमेर महल स्थित शिला माता के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी।

# खाटूश्यामजी मंदिर में विकास कार्यों के लिए 8787 लाख रुपये की मंजूरी मिली

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की राजस्थान पर्यटन को दुनिया के पर्यटन का सिरमौर बनाने की मुहीम लगातार सफल हो रही है। राजस्थान में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का संकल्प साकार हो रहा है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रस्ताव स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत राजस्थान में श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्यों के लिए 8 हजार 787 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है, जो कि राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए प्रथम किस्त 878.70 लाख रुपये अर्थात कुल परियोजना लागत का 10 फीसदी आवंटित कर दिया गया है।

दिया कुमारी का मानना है कि राजस्थान में खाटू श्याम जी जैसे मंदिर विकास कार्यों से निश्चित ही आस्था केंद्रों पर धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा। दिया कुमारी के निर्देशो पर राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत सीकर में "श्री खाटू श्याम जी मंदिर में विकास कार्यों" की डीपीआर मंत्रालय को विचारार्थ प्रस्तुत की गई थी।

उल्लेखनीय है कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को स्वदेश दर्शन योजना के तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) 31 दिसम्बर तक मंत्रालय को प्रस्तुत करने का निर्देश दिये गए थे।

# प्रधानमंत्री ने एकात्मता व अखण्डता के सूत्र में देश को पिरोया : भजनलाल शर्मा


■ मन की बात कार्यक्रम की 120वीं कड़ी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को किया संबोधित

**नई दिल्ली/जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 120वीं कड़ी में देशवासियों को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मुख्यमंत्री निवास से प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने चैत्र नवरात्र तथा भारतीय नववर्ष के साथ ही आगामी 13 से 15 अप्रेल के बीच देश के विभिन्न राज्यों में मनाए जाने वाले त्योहारों और पर्वों की देशवासियों को शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने कहा कि हमारे ये त्योहार भले ही अलग-अलग क्षेत्रों में मनाए जाते हैं, लेकिन ये दिखाते हैं कि भारत की विविधता में भी कैसे एकता पिरोई हुई है।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा के बाद स्कूलों में होने वाले ग्रीष्मावकाश की चर्चा करते हुए छुट्टियों में बच्चों की रचनात्मक क्षमता को विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने गर्मी के मौसम में जल संरक्षण के महत्व पर बात करते हुए जल संचय जन-भागीदारी अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का भी आव्हान किया। मोदी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर के माध्यम से वर्षा जल संचय के प्रयासों की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उत्साह, लगन और प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने अपनी मॉरीशस यात्रा के अनुभव साझा करते हुए दुनिया के विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति का संरक्षण कर रहे संगठनों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री ने अनुपयोगी वस्तुओं और कचरे को रिसाइकल कर उपयोगी सामान बनाने की पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण हितैषी बताया।मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में बात करते हुए देशवासियों को अपने जीवन में योग को शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग मानवता को भारत की ओर से ऐसा अनमोल उपहार है, जो भविष्य की पीढ़ी के बहुत काम आने वाला है। मोदी ने कहा कि योग के साथ हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद भी दुनिया के विभिन्न देशों में तेजी से लोकप्रिय हो रही है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# सारेगामा फेम रीनी चंद्रा और हनी टूपर की फ्यूजन बैंड परफॉर्मेंस



जवाहर कला केंद्र में राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या रविवार को गीत-संगीत के रंग में रंगी रही। कार्यक्रम में सिंगर रीनी चंद्रा और हनी टूपर ने संगीत प्रेमियों को संगीतमय अनुभव का आनंद दिया।

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या रविवार को गीत-संगीत के रंग में रंगी रही। कार्यक्रम की शुरुआत बैंड द्वारा फ्यूजन बीट्स के साथ हुई जिसमें संगीत प्रेमियों ने बेहतरीन संगीतमय अनुभव का आनंद लिया।

सारेगामापा फेम रीनी चंद्रा और सिंगर हनी टूपर ने लोक गीत, फ्यूजन, हिप-हॉप और सूफी गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर शाम को यादगार बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत लोकप्रिय राजस्थानी गीत 'हरियाला बन्ना' से हुई, जिसके बाद 'मोरनी', 'चरखा' और 'कुरजाँ' जैसे मधुर गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हनी टूपर ने 'जय राजस्थान', 'लाल-पीली अंखियां', 'रामापीर' और 'बगड़ बम' जैसे ऊर्जावान गीतों से समां बांध दिया, जिससे माहौल में जोश भर गया और श्रोताओं ने तालियों की गूंज से उनका स्वागत किया।

इस संगीतमय शाम को और अधिक विशेष बनाने में फोक रूट प्रोजेक्ट के कलाकारों, बैंड म्यूजिशियंस और सहयोगी आर्टिस्ट्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी प्रस्तुतियों ने समारोह को जीवंत बना दिया और राजस्थान दिवस के उत्सव को संगीतमय रंगों में रंग दिया।


**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)

क्रमांक :- ज.स.अ./2025/351 — दिनांक :- 28/03/2025

**आम सूचना**

नगर निगम ग्रेटर जयपुर के समस्त सम्पत्तिधारकों को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च, 2025 तक नगरीय विकास कर एवं गृह कर में अभूतपूर्व छूट दी गई है, जिसका लाभ आम जनता तक पहुंचाने हेतु नगरीय विकास कर एवं गृह कर की राशि जमा कराने एवं आपत्तियों का निराकरण करने के लिए वार्ड स्तर, जोन स्तर तथा मुख्यालय स्तर पर कैम्प लगाये गये हैं।

परन्तु अभी भी बहुत सारे सम्पत्तिधारकों द्वारा नगरीय विकास कर एवं गृह कर की राशि जमा नहीं करवाई गई है। जिसकी वजह से उन्हें राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त छूट का लाभ नहीं मिल पाया है।

इस विषय में व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए अब अन्तिम अवसर दिया जाकर सभी सम्पत्तिधारक जिन्होंने अभी तक नगरीय विकास कर जमा नहीं कराया है, वे सभी 31 मार्च, 2025 तक स्वकर निर्धारण करते हुए ऑनलाईन, जोन कार्यालय अथवा निगम मुख्यालय के कमरा नम्बर 123 में समस्त दस्तावेजों एवं चैक राशि के साथ उपस्थित होकर आपत्ति निराकरण एवं कर राशि जमा करा सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त छूट एवं राशि जमा कराने का विवरण निम्नानुसार है:-

1. सम्पूर्ण बकाया गृहकर आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड/भवनों का एकमुश्त जमा कराने पर मूल गृहकर की राशि पर 50 प्रतिशत राशि की छूट एवं शास्ति पर शत प्रतिशत छूट।
2. वर्ष 2007-08 से 2010-11 तक के बकाया यू.डी. टैक्स में ब्याज पैनल्टी पर 100 प्रतिशत छूट के साथ-साथ बकाया मूल राशि पर भी 50 प्रतिशत छूट दी गई है।
3. वर्ष 2007-08 से 2023-24 तक बकाया नगरीय विकास कर की राशि एक मुश्त जमा कराने पर ब्याज व पैनल्टी पर 100 प्रतिशत छूट है।
4. बकाया नगरीय विकास कर एवं गृहकर की जानकारी www.rajmunincipal.com पर उपलब्ध है।
5. वेबसाईट www.rajmunicipal.com पर घर बैठे ही अपनी बकाया राशि का ऑनलाईन भुगतान कर सकते हैं।
6. यदि आप यू.डी. टैक्स/हाउस टैक्स घर बैठे चैक के माध्यम से जमा कराना चाहते हैं तो निगम द्वारा अधिकृत फर्म स्पैरो सार्फ्टेक प्रा0 लि0 के टोल फ्री नं. 1800-572-8545 पर फोन कर संग्रहणकर्ता को घर बुलाकर अपनी बकाया राशि जमा करवा सकते हैं।
7. सम्पत्तिधारक/अधिभोगी नगरीय विकास कर के बिल पर दिए गए फ्ट कोड को स्कैन कर के किसी भी यूपीआई के माध्यम से नगरीय विकास कर का भुगतान कर सकते हैं।
8. यदि आपकी सम्पत्ति के कर निर्धारण में कोई परिवर्तन है जैसे क्षेत्रफल, डीएलसी, वास्तविक उपयोग, मंजिलों की संख्या, नाम व पता आदि तो उसे संबंधित जोन कार्यालय में लिखित सूचना देकर आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। जिससे आपकी समस्या का अविलम्ब समाधान किया जावेगा।

आपके लिए दिनांक 29-30-31 मार्च, 2025 को निगम कार्यालय खुले हैं, तत्काल नगरीय विकास कर जमा करावें और राज्य सरकार की इस छूट का लाभ उठावें।

आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर जयपुर | अध्यक्ष, नगरीय विकास कर समिति | महापौर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

राज.संवाद/सी/24/14200



इसमें कोई शक नहीं। रणनीति बहुत बड़े स्तर पर बनाई जाती है। कुछ साल पहले जब मैं खेल रहा था तब पावरप्ले का स्कोर 45 के आसपास अच्छा माना जाता था। - पार्थिव पटेल

गुजरात टाइटंस के सहायक कोच, पावरप्ले में बन रहे बड़े स्कोर को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**अभिषेक पोरेल**

**विशाखापट्टनम** में मैच के दौरान अभिषेक पोरेल से अनिकेत वर्मा का कैच छूटा। जैक-फ्रेजर-मैगर्क ने बाउंड्री पर 2.9 मीटर की छलांग लगाकर कैच लपका। विपराज ने पीछे की ओर दौड़कर क्लासन का कैच पकड़ा। दिल्ली कैपिटल्स ने 7 विकेट की जीत हासिल कर ली है। 16वें ओवर की आखिरी बॉल पर अभिषेक पोरेल ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। वे 34 रन बनाकर नाबाद लौटे। यह दिल्ली की लगातार दूसरी जीत है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टी-20 में सबसे तेज 3000 रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शॉन मार्श के नाम है। शॉन मार्श ने 85 पारी में ही 3000 रन पूरा कर लिए थे।

## आर्यना सबालेंका ने पहली बार मियामी ओपन जीता

### अमेरिकी जेसिका पेगुला को हराया, 9 करोड़ की प्राइज मनी मिली



नई दिल्ली, 30 मार्च। बेलारूस की पहली सीड टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने शनिवार को अपना पहला मियामी ओपन टाइटल जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में चौथी सीड अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को 7-5, 6-2 से हराया। जीतने पर आर्यना को 9.4 करोड़ रुपए प्राइज मनी मिली। आखरी बार आर्यना ने 2024 यूएस ओपन फाइनल में पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया था। वहीं उन्होंने 28 मार्च 2025 को हुए मियामी ओपन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली की जस्मिन पाओलीनी को 6-2,6-2 से हराया था। बेलारूस की पहली सीड टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने शनिवार को अपना पहला मियामी ओपन टाइटल जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में चौथी सीड अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को 7-5, 6-2 से हराया। जीतने पर आर्यना को 9.4 करोड़ रुपए प्राइज मनी मिली। आखरी बार आर्यना ने 2024 यूएस ओपन फाइनल में पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया था। वहीं उन्होंने 28 मार्च 2025 को हुए मियामी ओपन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली की जस्मिन पाओलीनी को 6-2,6-2 से हराया था।

## सुनील नरेन ने लेंथ गेंदबाजी करने का महत्व सिखाया : कुलदीप

नई दिल्ली, 30 मार्च। धाकड़ स्पिनर कुलदीप यादव ने आईपीएल 2025 के दौरान वेस्टइंडीज के दिग्गज स्पिन ऑलराउंडर सुनील नरेन की शान में कसीदा पढ़ा है। कुलदीप ने नरेन से एक हुनर से एक हुनर सीखा है। 30 वर्षीय कुलदीप ने कबूल किया कि नरेन ने लेंथ गेंदबाजी करने का महत्व सिखाया, जिससे उन्हें और अधिक प्रभावी स्पिनर बनने में मदद मिली। कुलदीप दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं। वहीं 36 वर्षीय नरेन कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। हालांकि, दोनों केकेआर के लिए लंबे समय तक साथ में खेल चुके हैं। कुलदीप हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली भारतीय टीम में थे। कलाई के स्पिनर कुलदीप ने जियो हॉटस्टार से कहा कि, एक गेंदबाज के रूप में आपको हावी होने का लक्ष्य रखना चाहिए। जसप्रीत बुमराह और सुनील नरेन जैसे खिलाड़ियों ने लगातार ऐसा किया है। मैंने केकेआर में रहते हुए सुनील नरेन से बहुत कुछ सीखा। वह अपने समय से आगे थे। उन्होंने हमेशा लेंत गेंदबाजी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, उस समय मुझे लगता था कि मैं केवल अपने कौशल पर भरोसा कर सकता हूं लेकिन अब मुझे लगता है कि वह बिल्कुल सही थे। चोट से वापसी के बाद से मैंने अपनी लेंथ पर बहुत ध्यान दिया है और इससे काफी फर्क पड़ा है। कुलदीप आईपीएल के मौजूदा सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डीसी की एक विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मुकाबले में दो शिकार किए थे। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में टॉप आक्रामक बल्लेबाजों की मौजूदगी को देखते हुए आईपीएल में अच्छी इकोनाम रेट बनाए रखना बेहद मुश्किल है। बाएं हाथ के स्पिनर ने कहा कि, आईपीएल गेंदबाजों के लिए बहुत कठिन है ये अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है। आप विकेट ले सकते हैं लेकिन आप हमेशा 6 या 7 रन प्रति ओवर की इकोनाम रेट बनाए रखने की उम्मीद नहीं कर सकते। ये उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ियों की मौजूदगी में एक चुनौतीपूर्ण फॉर्मेट है।

## यूपी ने जीता राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल का खिताब

लखनऊ, 30 मार्च। तालमेल भरे खेल और बेहतर रणनीति की बदौलत उत्तर प्रदेश ने रविवार को यहां हिमाचल प्रदेश को करीबी मुकाबले में 19-17 से हरा कर 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप की विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कार उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दिये। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने शानदार खेल दिखाया और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज की। पहले हॉफ में दोनों ही टीमों ने तेजतर्रार आक्रमण किए लेकिन हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी अपनी चुस्ती के चलते भारी पड़ी और 10-8 से बढ़त बना ली। दूसरे हॉफ में उत्तर प्रदेश ने प्रतिद्वंद्वी के तेज अटैक का जवाब संयम भरा खेल दिखाते हुए दिया और गोल दागते हुए मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। इस दौरान हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ियों ने कई महत्वपूर्ण मौके भी गंवाए। वहीं उत्तर प्रदेश की गोलकीपर निहारिका ने भी दमदार खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी के कई अटैक को विफल कर दिया। मेजबान की ओर से नैना ने प्रतिद्वंद्वी के खेमे में सेंध लगाते हुए सर्वाधिक 6 गोल दागे। उनका रेशमा, सुमन, प्रीति व अनन्या ने बखूबी साथ दिया और 3-3 गोल करते हुए टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। वहीं दिया को एक गोल करने में सफलता मिली। हिमाचल प्रदेश से जस्सी ने 6, काजल ने 5, कृतिका ने 4 और नितिका व मुस्कान ने 1-1 गोल करने में सफलता हासिल की।

# चेन्नई लगातार दूसरा मैच हारा

### // राजस्थान ने 6 रन से हराया, हसरंगा ने 4 विकेट लिए, नीतीश राणा ने 81 रन बनाए //





गुवाहाटी, 30 मार्च। राजस्थान रॉयल्स ने -2025 के 11वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 183 रन का टारगेट दिया है। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। राजस्थान ने 9 विकेट पर 182 रन बनाए। चेन्नई ने 19.4 ओवर में 6 विकेट खोकर 172 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा और जिमी ओवर्टन क्रीज पर हैं। एमएस धोनी (16 रन) को संदीप शर्मा ने हेटमायर के हाथों कैच कराया।

ऋतुराज गायकवाड 63 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वनिंदू हसरंगा ने यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। उन्होंने विजय शंकर (9 रन), शिवम दुबे (18 रन) और राहुल त्रिपाठी (23 रन) को भी आउट किया। रचिन रवींद्र (शून्य) को जोफ्रा आर्चर ने पवेलियन भेजा। दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया।

20वें ओवर में चेन्नई ने छठा विकेट गंवाया। यहां एमएस धोनी (16 रन) को संदीप शर्मा ने हेटमायर के हाथों कैच कराया। चेन्नई सुपर किंग्स को 12 गेंद पर 39 रन की जरूरत है। टीम से एमएस धोनी और रवींद्र जडेजा क्रीज पर हैं। राजस्थान से तुषार देशपांडे 19वां ओवर फेंकने आए। 3 गेंद पर 6 रन बने, इसी के साथ टीम के 150 रन भी पूरे हो गए।

16वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां ऋतुराज गायकवाड 63 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वनिंदु हसरंगा ने यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। उन्होंने विजय शंकर (9 रन), शिवम दुबे (18 रन) और राहुल त्रिपाठी (23 रन) को भी आउट किया।

## दिल्ली की लगातार दूसरी जीत

### हैदराबाद को 7 विकेट से हराया, स्टार्क ने झटके 5 विकेट, डु-प्लेसिस की फिफ्टी



विशाखापट्टनम, 30 मार्च। दिल्ली कैपिटल्स ने -2025 में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने रविवार के पहले मुकाबले में हैदराबाद को 7 विकेट से हराया।

विशाखापट्टनम में दिल्ली ने 164 रन का टारगेट 16 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। ओपनर फाफ डु प्लेसिस ने 50 रन की पारी खेली। जैक फेजर मैगर्क ने 38 रन का योगदान दिया। दोनों ने 81 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। केएल राहुल ने 15 रन बनाए। अभिषेक पोरेल 34 और ट्रिस्टन स्टब्स 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। जीशान अंसारी ने 3 विकेट झटके। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी हैदराबाद 18.4 ओवर में 163 रन पर ऑलआउट हो गई। अनिकेत वर्मा ने 41 बॉल पर 6 छक्कों के सहारे 74 रन बनाए। मिचेल स्टार्क ने 5 विकेट झटके। कुलदीप यादव को 3 विकेट मिले।

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), जैक फ्रेजर-मैगर्क, केएल राहुल, फाफ डु प्लेसिस, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा और मुकेश कुमार।इम्पैक्ट प्लेयर्सः आशुतोष शर्मा।

**सनराइजर्स हैदराबादः** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन, नीतीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, जीशान अंसारी, हर्षल पटेल और मोहम्मद शमी।इम्पैक्ट प्लेयर्सः वियान मुल्डर।

### 3 वनडे और 5 टी-20 खेलेगी टीम इंडिया

## भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा अक्टूबर-नवंबर में

### // सभी 8 मुकाबले अलग-अलग वेन्यू पर होंगे //

नई दिल्ली, 30 मार्च। भारतीय मेंस क्रिकेट टीम इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। इस दौरान भारत मेजबान टीम के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज और 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा। अनोखी बात ये है कि भारत के ये 8 मैच ऑस्ट्रेलिया के 8 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे।

दरअसल, रविवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2025-26 सीजन में खेले जाने वाले ऑस्ट्रेलिया के सभी इंटरनेशनल मैचों का शेड्यूल जारी किया। इसके तहत पहली बार ऑस्ट्रेलिया की टीम अपने सभी 6 राज्यों और 2 यूनियन टेरेटरी में इंटरनेशनल मैच खेलेगी।

भारत के अलावा साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड भी इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगे।

वनडे में 152 बार भिड़े भारत-ऑस्ट्रेलिया भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 152 वनडे मैच खेले गए हैं। इनमें से भारत ने 58 मैच जीते, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 84 बार जीत दर्ज की। वहीं 10 मुकाबले बिना नतीजे के समाप्त हुए। वहीं दोनों टीमों ने 32 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें से 11 ऑस्ट्रेलिया ने और 21 भारत ने जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया में पिछली टेस्ट सीरीज हार चुका है भारत भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल ही टेस्ट सीरीज भी खेली थी। नंवबर में शुरू हुई 5 टेस्ट की सीरीज टीम इंडिया ने 3-1 से गंवा दी थी। भारत ने जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में 1 मैच जीता था, लेकिन टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में 2 मैच हार गई। बुमराह की कप्तानी में टीम ने आखिरी मुकाबला भी गंवाया था।

अगस्त में साउथ अफ्रीका से भिड़ेगा ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलियाई टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे और 3 टी-20 खेलेगी। सभी मैच 10 से 24 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। मैच डार्विन, कैर्न्स और मैकाय के 3 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे।

नवंबर में शुरू होगी ऐशेज इंग्लैंड टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस साल 21 नवंबर से 8 जनवरी के बीच पांच टेस्ट मैच की ऐशेज सीरीज खेलगी। ये सभी मैच 5 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे।

## शेखावत ने शूटिंग रेंज में राइफल से निशाना साधा व बास्केटबॉल खेली

मुंबई/नयी दिल्ली 30 मार्च। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दमन और दीव के दौरे पर रविवार को उन्होंने विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण करने के साथ शूटिंग रेंज में राइफल से निशाना साधा और बास्केटबॉल भी खेली। दमन और दीव के दौरे पर श्री शेखावत ने वहां के प्रशासक प्रफुल पटेल के साथ दमन हवाई अड्डे की चल रही निर्माण गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। वह सिल्वासा में अटल फ़्लाईओवर के नीचे बने स्पोर्ट्स सेंटर भी गए। उन्होंने कहा कि यहां स्पोर्ट्स सेंटर बनाना खाली स्थान का सदुपयोग है। सेंटर में खेल की स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं।

## हार्दिक पंड्या पर 12 लाख का जुर्माना

### गुजरात के खिलाफ स्लो ओवर रेट के कारण मिली सजा



नई दिल्ली, 30 मार्च। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर स्लो ओवर रेट के लिए ने 12 लाख का जुर्माना लगाया है।शनिवार को अहमदाबाद में -2025 का नौवां मैच गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया।

इस मैच में मुंबई की टीम टॉस जीतकर पहले फील्डिंग कर रही थी और निर्धारित समय में 20 ओवर नहीं फेंक पाई। टीम को इसी वजह से आखिरी ओवर में 30 यार्ड सर्कल में एक फील्डर ज्यादा रखना पड़ा।

मुंबई इंडियंस को 36 रनों से हार का सामना करना पड़ा मुंबई इंडियंस को इस मैच में गुजरात टाइटंस से 36 रनों से हार का सामना करना पड़ा। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 160 रन ही बना सकी।

मुंबई के पहले मैच में बैन के चलते नहीं खेले थे हार्दिक हार्दिक पिछले सीजन में 3 मैचों में स्लो ओवर फेंकने के बाद एक मैच का बैन लगा था। पिछले सीजन में तीन मैचों में स्लो ओवर रेट के लिए ने हार्दिक पर जुर्माना लगाया था। -2024 में 30 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई की ओर से तीसरी बार स्लो ओवर रेट के लिए 30 लाख रुपए का जुर्माना के साथ ही टीम के कप्तान पर एक मैच का बैन लगा था।

चूंकि पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस का लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सीजन का आखिरी मैच था। ऐसे में इस सीजन के मुंबई के पहले मैच यानी 23 मार्च को हार्दिक चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। पिछले सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भी मुंबई पर स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगा था।

में स्लो ओवर रेट के नए नियम - 2025 में स्लो ओवर रेट के लिए अब कप्तानों को मैच से बैन नहीं किया जाएगा, बल्कि उनके खाते में डिमेरिट पॉइंट जोड़े जाएंगे, जो तीन साल तक रहेंगे।लेवल 1 के अपराध पर मैच फीस का 25 से 75 प्रतिशत जुर्माना और डिमेरिट पॉइंट लगाए जाएंगे। लेवल 2 के गंभीर अपराध पर सीधे 4 डिमेरिट पॉइंट मिलेंगे। 4 डिमेरिट पॉइंट जमा होने पर मैच रेफरी कप्तान की पूरी 100 मैच फीस काट सकता है या अतिरिक्त डिमेरिट पॉइंट दे सकता है।

## मुंबई के खिलाफ मैच से पहले के लिए अच्छी खबर, जानें पिच विवाद पर हेड कोच चंद्रकांत पंडित ने क्या कहा?



नई दिल्ली, 30 मार्च। आईपीएल 2025 में सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को सीजन का तीसरा मैच कप्तान अजिंक्य रहाणे के घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलना है। इस मैच से पहले केकेआर के लिए राहत की खबर है। दरअसल, टीम के दिग्गज खिलाड़ी सुनील नरेन फिट हो गए हैं। केकेआर के कोच चंद्रकांत पंडित ने मैच से एक दिन पहले रविवार को ये जानकारी दी। पंडित ने पिच विवाद पर भी बात की। उन्होंने कहा कि टीम किसी पिच पर खेलने के लिए तैयार है।

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार चंद्रकांत पंडित ने सुनील नरेन को लेकर कहा कि, सुनील 100 प्रतिशत फिट हैं। वह निश्चित रूप से ठीक हो गए हैं और वह अभ्यास भी कर रहे हैं। आज भी वह अभ्यास कर रहे हैं, इसलिए फिलहाल वह बिल्कुल ठीक हैं। नरेन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में 26 गेंद पर 44 रन बनाए थे। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल का विकेट भी लिया। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उनकी जगह मोइन अली खेले थे। कोलकाता 1 मैच जीतकर अंक तालिका में छठे नंबर पर है।

वहीं केकेआर हाल ही में पिच विवाद में घिरी थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा था कि ईडन गार्डन में उनके मन मुताबिक परिस्थितियां नहीं मिल रही हैं, जिससे उन्हें घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिल रहा है। पंडित से एक बार फिर इस बारे में पूछा गया और उन्होंने ये इसे कहकर टाल दियाकि उन्हें जो भी पिच दी जाएगी, उन्हें उसी पर खेलना होगा।

चंद्रकांत ने कहा कि, देखिए एक कोच के तौर पर एक टीम प्रबंधन के तौर पर हमें जो भी सतह दी गई है, हम उसी पर खेलते हैं। बेशक, नियंत्रण क्यूरेटर के अधीन होगा। इस समय निश्चित रूप से हमारा ध्यान कल होने वाले अगले मैच पर होगा, जो हम खेल रहे हैं। इसलिए इस समय मैं निश्चित रूप से इस बारे में नहीं सोच रहा हूं कि क्या करना है, किसके नियंत्रण में क्या है। लेकिन हमें कल के मैच पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो हमारे लिए बहुत अहम है।

ये पूछे जाने पर कि क्या फ्रेंचाइजी के हाथों में मैदान का प्रभार होता है। पंडित ने कहा कि, नहीं। मैदान पर हर चीज का प्रभारी... मुझे नहीं पता। इसका मतलब ये नहीं है कि उनके पास विकेट तैयार करने का कंट्रोल है। मेरा मतलब है कि मुझे नहीं पता कि अलग-अलग राज्यों या अलग-अलग मैदानों में क्या व्यवस्था है, जहां नियंत्रण फ्रेंचाइजी के पास नहीं है। शायद, जाहिर है एक टीम प्रबंधन के रूप में, एक कोच के रूप मं एक कप्तान के रूप में शायद हम उम्मीद करते हैं कि कुछ दिया जाएगा।

## एमएस धोनी को मिला खास सम्मान

### बीसीसीआई सचिव ने मोमेंटो देकर किया सम्मानित



गुवाहाटी, 30 मार्च। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2025 मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं इस मुकाबले से पहले एमएस धोनी को विशेष मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में 18 सीजन पूरे होने पर दिया गया। बता दें कि, एमएस धोनी आईपीएल के पहले सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं। टीम पर जब 2 साल बैन लगा था तब वह पुणे के लिए खेले थे, उसके बाद वह फिर सीएसके में लौट आए थे।

बीसीसीआई के सचिव श्री देवजीत सैकिया द्वारा एमएस धोनी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। धोनी ने अपनी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 बार चैंपियन बनाया है, अभी वह कप्तान नहीं हैं लेकिन टीम के लिए खेल रहे हैं। आईपीएल सीज 18 के पहले मैच में विराट कोहली भी इसी तरह का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया था।

बता दें कि, धोनी का जलवा सिर्फ मैदान तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि उनके फैंस के बीच भी उनकी विरासत गूंजती रहती है। हाल ही में वह आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए, उन्होंने 4,699 रनों के साथ सुरेश रैना को पीछाड़ दिया है। ये रिकॉर्ड उन्हें लीग के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में और मजबूत करता है। ये मैच सिर्फ धोनी की मौजूदगी के कारण ही नहीं, बल्कि इसलिए भी खास है क्योंकि ये पहली बार है जब बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगे। दोनों टीमें जीत की राह पर लौटना चाहेंगी, फैंस इस रोमांचक मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## मांडविया ने जूनागढ़ में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का किया नेतृत्व

जूनागढ़, 30 मार्च। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को एक बार फिर गुजरात के जूनागढ़ में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का नेतृत्व किया।

जूनागढ़ में 500 से अधिक साइकिल सवारों ने प्रतिष्ठित गिरनार गेट से लेकर भवनाथ महादेव मंदिर तक इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसका आयोजन गांधीनगर में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) क्षेत्रीय केंद्र द्वारा किया गया। इस सप्ताह के संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में देश भर के स्कूली छात्रों की भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया, जिन्होंने अपने माता-पिता और शिक्षकों के साथ साइकिल चलाई।

डॉ. मांडविया ने जूनागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, "साइकिल चलाने से आप आजीवन दोस्ती कर सकते हैं, इसलिए इस व्यायाम को अपना सबसे अच्छा दोस्त बनाएं। फिट इंडिया अभियान एक राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप में विकसित हो रहा है और आज संडे ऑन साइकिल में स्कूली बच्चों की व्यापक भागीदारी इसे स्पष्ट रूप से दर्शाती है। देश की प्रगति के लिए स्वास्थ्य पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है।"

उल्लेखनीय है कि त्रिवेंद्रम में, रैली ने क्लिफ हाउस से सेंट्रल स्टेडियम तक एक प्रतिष्ठित सात किमी मार्ग का अनुसरण किया इसका आयोजन साई लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन (साई एलएनसीपीई) द्वारा किया गया था। खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में भी सक्रिय साइकिलिंग अभियान चलाए गए, जिनमें बिलासपुर के शिवतराई और छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा, बिहार के दरभंगा और उत्तर प्रदेश के ओराई जैसे जिले शामिल थे। इसके साथ ही, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने त्रिवेंद्रम के क्लिफ हाउस से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई। त्रिवेंद्रम में, भारतीय सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एनसीसी, केरल पुलिस (एसएपी), केरल पुलिस (यातायात), अपराध शाखा, कलेक्ट्रेट, एफसीआई, आरबीआई, खेल विभाग, खेल और युवा मामले निदेशालय, केआरसीसी, केएसएससी, एनएसएस, त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब, केरल ओलंपिक एसोसिएशन, केरल साइक्लिंग एसोसिएशन सहित केरल से 500 से अधिक फिटनेस उत्साही, साइकिलिंग समूह और संगठनों ने भाग लिया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में प्रमुख खेल हस्तियों की मौजूदगी देखी गई। अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज सोनिया लाठेर और एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप 2024 की स्वर्ण पदक विजेता और खेलो इंडिया योजना की एथलीट प्राची धनखड़ भी इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। 'पुश-अप मैन ऑफ इंडिया' रोहताश चौधरी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि भारतीय क्रिकेटर दीप्ति शर्मा ने वर्चुअली इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और फिटनेस संदेश को लोगों तक पहुंचाया।

एशियाई खेलों 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एक प्रमुख सदस्य दीप्ति शर्मा ने कहा, "एक क्रिकेटर के रूप में, मैं शारीरिक गतिविधि के विशेष महत्व को समझती हूं।" "साइकिल चलाना न केवल फिट रहने का एक शानदार तरीका है, बल्कि एक मनोरंजक गतिविधि भी है जो हमारे समुदायों के बीच संबंधों को मजबूत करती है और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देती है। यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि दिसंबर 2024 में इसकी शुरुआत के बाद से सभी आयु समूहों के दो लाख से अधिक साइकिल सवारों ने देश भर में 4500 से अधिक स्थानों पर संडे ऑन साइकिल पहल में भाग लिया है।"

21 वर्षीय मुक्केबाज प्राची धनखड़ ने फिट इंडिया मूवमेंट के व्यापक प्रभाव की सराहना की। उन्होंने कहा, "फिट इंडिया मूवमेंट एक शानदार पहल है, जिसे हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 2019 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य एक स्वस्थ और अधिक सक्रिय राष्ट्र बनाना है। इस मुहिम के माध्यम से कई विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं पैदल चलना, जॉगिंग करना और अब साइकिल चलाना। यह देखना वाकई बहुत खुशी की बात है।"

विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2016 में रजत पदक विजेता सोनिया लाठेर ने इस आयोजन के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। सोनिया लाठेर ने जोर देकर कहा, "हर किसी के लिए फिटनेस सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए, चाहे उसकी उम्र कुछ भी हो।" "छह या सात साल की उम्र के बच्चों के साथ-साथ 70 साल से कम और अधिक आयु के लोगों के साथ सवारी करना वाकई एक शानदार अनुभव था।"

तीस मार्च को आयोजित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों में विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों के विद्यार्थियों की भी शानदार भागीदारी देखी गई। इनमें टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ईओके, दिल्ली पब्लिक स्कूल गुरुग्राम सेक्टर 45, मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड, मॉडर्न पब्लिक स्कूल शालीमार बाग, सेंट मार्क्स स्कूल मीरा बाग, बाल भारती पब्लिक स्कूल नोएडा, डीएवी पब्लिक स्कूल सीएमसी, आर्मी पब्लिक स्कूल शंकर विहार, बाल भवन पब्लिक स्कूल मयूर विहार, डीएलएफ स्कूल साहिबाबाद और केवी संगठन आदि ने हिस्सा लिया।

# मुख्यमंत्री का चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय ऐतिहासिक: साधु-संत

## पूरे प्रदेश में राजस्थान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुए, देवस्थानों में विशेष पूजा-अर्चना की गई

■ **बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्णय उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति को दिखाता है तथा सनातन संस्कृति के लिये नई पहल, परम्परा व नवाचार है।**

जयपुर, 30 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाए जाने की महत्वपूर्ण घोषणा के क्रम में रविवार को सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किए गए है। राज्य के देवस्थानों में राजस्थान दिवस पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। भारतीय रीति-नीति से राजस्थान दिवस मनाने की इस पहल पर देश व प्रदेश के साधु, संतों, महंत व आचार्यों ने संदेश भेजकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है।

बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय सनातन संस्कृति के लिए नई पहल, परंपरा और नवाचार है। साथ ही, उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति को भी दिखाता है। आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान स्थापना दिवस को सनातन संस्कृति के अंतर्गत नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मनाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। इसके लिए वे मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हैं।

आचार्य गौरव कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के फैसले से 75 वर्ष बाद चैत्र माह शुक्ल पक्ष प्रतिपदा नवसंवत्सर को राजस्थान स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। यह निर्णय सभी को गौरवान्वित करने वाला है। परमार्थ निकेतन, हरिद्वार के संत निरंजन स्वामी ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया।

गणेश मंदिर मोती डूंगरी के महन्त कैलाश शर्मा ने कहा कि राजस्थान दिवस संवत् 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जा रहा है, इसके लिए समस्त राजस्थान वासियों की ओर से मुख्यमंत्री का धन्यवाद।

हाथोज धाम से स्वामी बालमुकुन्दाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के इस फैसले से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

गणेश मंदिर, रणथम्भौर के महंत हिमांशु शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाने के निर्णय से सनातन संस्कृति को नवीन ऊर्जा मिली है।

सालासर बालाजी के पुजारी मांगीलाल, श्री त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के ट्रस्टी कांतिलाल पंचाल, ब्रह्मा जी मंदिर, पुष्कर के पुजारी कृष्णगोपाल वशिष्ठ, जीण माता मंदिर, सीकर के पुजारी दीपक पाराशर, महाकालिका शक्तिपीठ, ऋषभदेव के पीठाधीश्वर भरत भूषण जोशी ने भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने वाले इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

बेणेश्वर पीठ के महंत अच्युतानंद महाराज ने कहा, मुख्यमंत्री का निर्णय स्वागत योग्य है। इस निर्णय से सनातन संस्कृति और अधिक मजबूत बनेगी।

गोपाल पुरूषोत्तम आश्रम, चित्तौड़गढ़ के श्री 1008 श्री सुदर्शनाचार्य महाराज ने कहा कि 30 मार्च 1949 के बाद पहली बार मुख्यमंत्री शर्मा के प्रयासों से नवसंवत्सर एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने की अभूतपूर्व पहल हुई है। उन्होंने संत समाज की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### ट्रम्प ने मोदी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

यात्रा के दौरान, भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को और गहरा बनाने का संकल्प लिया था, ताकि ग्रोथ को बल मिले और निष्पक्षता, राष्ट्रीय सुरक्षा और रोजगार-सृजन सुनिश्चित हो सकें।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्टपति ट्रम्प ने एक नया द्विपक्षीय व्यापार-लक्ष्य "मिशन 500" तय किया था, जिसका उद्देश्य दोनों पक्षों के सामान और सेवाओं के व्यापार को दोगुने से ज्यादा बढ़ाकर, 2030 तक 500 अरब डॉलर तक पहुँचाना है।

### 'वोट के लिए ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में मछुआरों की समस्याओं का हल किया जाए। उन्होंने परान्डूर में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का भी विरोध किया। दो भाषा फार्मूला का समर्थन किया और परिसीमन का विरोध किया। उन्होंने राज्यों को ज्यादा स्वायत्ता देने की मांग की और यौन उत्पीड़न के मामलों में त्वरित हल के लिए फास्टट्रैक कोर्ट बनाने की मांग की। जातिगत सर्वे करवाने की मांग की तथा कानून व्यवस्था के लिए द्रमुक सरकार की आलोचना की।

# भारत ने दो नौसैनिक पोत में राहत सामग्री म्यांमार भेजी

■ **म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या 17 सौ हो गई तथा 3400 घायल हैं।**

नयी दिल्ली, 30 मार्च। म्यांमार और थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत द्वारा म्यांमार को सहायता के लिए शुरू किये गये अभियान "ब्रह्मा" के तहत नौसेना की पूर्वी कमान से नौसैनिक पोत, सतपुड़ा और सावित्री, मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री के साथ यांगून जा रहे हैं।

भारतीय सेना की 10 राहतकर्मियों की पहली टुकड़ी स्थानीय समय के अनुसार शाम पौने छह बजे मंदाले हवाई अड्डा पहुंच गयी और फील्ड अस्पताल स्थापित करने के लिए जगह की पहचान की जा रही है।

वायु सेना के अनुसार अभी तक उसके मालवाहक विमानों में 96 टन राहत सामग्री और 198 सहायताकर्मियों को म्यांमार भेजा जा चुका है।

नौसेना के दो नौसैनिक पोत के अलावा अंडमान और निकोबार कमान से नौसेना के जहाज करमुक और एलसीयू 52 भी सहायता के लिए यांगून रवाना हो रहे हैं।

इन जहाजों पर लगभग 52 टन राहत सामग्री पहुंचाई गई है, जिसमें आवश्यक कपड़े, पीने का पानी, भोजन, दवाएं और आपातकालीन स्टोर वाले एचएडीआर पैलेट शामिल हैं।

म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद ने रविवार को यह जानकारी दी कि म्यांमार में आए भूकंप में मरने वालों की संख्या लगभग 1700 हो गई है तथा 3400 लोग घायल हो गए हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने दिन में पहले बताया कि भूकंप से भूमिगत तेल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं तथा बिजली की लाइनें भी कट गई हैं।

# पराली जलाने पर रोक लगाने की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की

## अदालत ने कहा कि इस मुद्दे पर कई आदेश पारित हो चुके हैं, अतः हस्तक्षेप के लिए आवेदन की इजाज़त नहीं देना चाहते

■ **याचिकाकर्ता ने कहा कि पूर्व के निर्देशों की सही पालना नहीं हो रही है। सरकारी एजेन्सियाँ स्वास्थ्य व पर्यावरण की रक्षा में विफल रही हैं।**

नयी दिल्ली, 30 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को नियंत्रित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में पंजाब और हरियाणा सरकार को पराली जलाने पर नियंत्रण करने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, इस अदालत ने पराली जलाने के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं और अभी भी मामले पर विचार किया जा रहा है, तो हम विभिन्न पक्षों को इस मामले में हस्तक्षेप और निर्देश के लिए आवेदन दायर करने की इजाजत नहीं देना चाहते हैं। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है। पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि अप्रैल-मई में पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण से न केवल दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, बल्कि उन राज्यों के लोगों के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचता है, जहां पराली जलाई जाती है।

याचिका में दावा किया गया है कि बच्चे और बुजुर्ग इससे विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। याचिका में ये भी कहा गया है कि वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय संकट बन गया है, जो देश में रहने वाले लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन भी कर रहा है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि इस न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी किए गए अनेक निर्देशों के बावजूद, उनका सही से पालन नहीं हो रहा है। सरकारी एजेंसियां और हितधारक सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करने के अपने कर्तव्य में विफल रहे हैं।

### बेंगलुरु...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।

ईस्ट कोस्ट रेलवे के सुत्रों ने कहा कि दुर्घटना राहत और चिकित्सा राहत ट्रेन को भी घटनास्थल पर भेज दिया गया है। प्रभावित ट्रेन में फंसे यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की जा रही है।

# मिज़ोरम में विदेशियों को प्रोटेक्टेड एरिया परमिट लेना होगा

## केन्द्र सरकार ने म्यांमार की सीमा से लगे मिज़ोरम, मणिपुर व नागालैंड में यह परमिट दोबारा लागू करने के निर्देश दिये

■ **केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर लेंगपुई एयरपोर्ट पर एक होल्डिंग एरिया की पहचान की जा रही है।**

आइजोल, 30 मार्च। मिज़ोरम सरकार संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा करने वाले विदेशियों के लिए आवश्यक यात्रा दस्तावेज, प्रोटेक्टेड एरिया परमिट (पीएपी) को लागू करने जा रही है। यह कदम केंद्र की ओर से म्यांमार की सीमा से लगे पूर्वोत्तर के तीन राज्यों, मिज़ोरम, मणिपुर और नागालैंड में पीएपी को दोबारा लागू करने के निर्देश के बाद उठाया है।

मिज़ोरम सरकार राज्य में जो संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) प्रणाली लागू करने जा रही है वह विदेशी नागरिकों के लिए कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में जाने के लिए आवश्यक यात्रा दस्तावेज है।

मिज़ोरम के गृह सचिव वनलालमाविया ने बताया कि राज्य सरकार पीएपी को लागू करने की दिशा में कदम उठा रही है, जिसे प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट (आरएपी) के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कहा, हम पीएपी को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर लेंगपुई एयरपोर्ट पर एक होल्डिंग एरिया की भी पहचान की जा रही है।

पूरा अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मणिपुर, नागालैंड और मिज़ोरम तथा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों को संरक्षित क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है।

2011 में, केंद्र ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मणिपुर, नागालैंड और मिज़ोरम में पीएपी व्यवस्था में छूट दी थी और अफगानिस्तानी, पाकिस्तानी और चीनी नागरिकों को छोड़कर सभी विदेशियों को इससे मुक्त कर दिया था। बाद में यह छूट समय-समय पर बढ़ाई गई और यह दिसंबर 2027 तक प्रभावी थी।

### कॉर्बेट पार्क ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अधिकारियों को सूचना दी गयी। शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि बाघिन के शव पर गहरे चोट के निशान थे और सिर से काफी खून बहा था। मौके पर हाथियों के पैरों के निशान भी देखे गए।

इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघिन की मौत दोनों जानवरों के आपसी संघर्ष में हुई है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908